दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली। मंगलवार 15 अप्रैल-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 115 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3


# जनपद में धूमधाम से मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती







## राजनैतिक दलों से लेकर प्रशासनिक कार्यालयों में याद किए गए संविधान रचयिता

### कहीं पर हुआ भंडारा तो कहीं पर आयोजित किए गए रंगारंग कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को गाजियाबाद के राजनैतिक दलों के कार्यालय से लेकर प्रशासनिक भावनाओं में संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर को 134वें जन्मोत्सव के अवसर पर याद किया गया। इस दौरान कहीं पर उन्हें पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि दी गई। तो कहीं पर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प दिया गया। इसके साथ ही शहरभर में अलग-अलग स्थानों पर कहीं भंडारे तो कहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। तो वहीं जिलाधिकारी दीपक मीना से लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, महापौर सुनीता दयाल तो सांसद अतुल गर्ग, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, शहर विधायक से लेकर सभी विधायकों और अन्य गणमान्य लोगों ने भी भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें याद करने का काम किया। वहीं राजनीतिक दलों के कार्यालयों में जहां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि की गई। तो शहरभर में लगी भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थलों के आसपास सजावट और लाइटिंग भी की गई। कुल मिलाकर गाजियाबाद में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव अवसर पर सैकड़ो कार्यक्रम आयोजित किए गए। तो वहीं अलग-अलग इलाकों में भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव को लेकर धूम भी देखने को मिली।









## डॉ. अंबेडकर जयंती पर भाजपा महानगर द्वारा श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

**करंट क्राइम :** भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर (बाबा साहब) की जयंती के पावन अवसर पर 14 अप्रैल को नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में



भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। डा. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, संकल्प और समर्पण की प्रेरणा है। उनके विचार आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। भाजपा उनकी सोच को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ हर व्यक्ति को समान अवसर मिले।

### पूर्व महापौर आशु वर्मा ने किया बाबा साहब को याद

करंट क्राइम : पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर न केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार थे, बल्कि करोड़ों शोषितों, वंचितों और पीड़ितों की आवाज भी थे। आज उनकी जयंती पर उनके चरणों में कोटि-कोटि नमन करता हूँ।

### यह पदाधिकारी रहे उपस्थित

करंट क्राइम : नवयुग मार्केट आंबेडकर पार्क में बाबा साहब को श्रृद्धांजलि के अवसर पर पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री बलदेव राज शर्मा, जगदीश साधना, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, अमरदत्त शर्मा, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, महामंत्री सुशील गौतम, पार्षद राजीव शर्मा, पार्षद अमित त्यागी, गुंजन शर्मा, रनिता सिंह, पूनम कौशिक, संजीव चौधरी, कुलदीप त्यागी,अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष अनिल कल्याणी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, ऋचा भदौरिया, सुमन जाटव,किरण सिंह, प्रियंका पांडे, गौरव चोपड़ा, लोकेश गर्ग, अमित प्रताप सिंह, पार्षद अजीत निगम, करण शर्मा, वर्षा हजेला और लोकेश गर्ग मौजूद रहे।

## रजापुर में विधायक अजीत पाल त्यागी ने अंबेडकर को किया याद



करंट क्राइम : मुरादनगर विधानसभा सीट से विधायक अजीत पाल त्यागी द्वारा कवि नगर मंडल में रजापुर गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनको याद करने का काम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि संविधान रचयिता द्वारा देश को एकता, अखंडता और मजबूती प्रदान करने का काम किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अंबेडकर द्वारा देश को जो संविधान दिया गया है ,वो आज वह पूरे विश्व में पहचान बना चुका है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेता और स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बुद्ध वाटिका गेट का कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया उद्घाटन

### संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों को जमीन पर उतार रही भाजपा सरकार : सुनील शर्मा

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर वसुंधरा सेक्टर-15, स्थित बुद्ध वाटिका के नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार (गेट) का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री व साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा द्वारा किया गया। केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने समारोह में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। और उपस्थितजनों को सामाजिक न्याय, समरसता व संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि आज का दिन भारत के लोकतंत्र की आत्मा को नमन करने का दिन है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान के माध्यम से भारत को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व की दिशा में स्थापित किया। उनकी सोच में समावेश, सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान था। आज भाजपा सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, बाबासाहेब के सपनों को साकार करने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का संकल्प लिया है। हर गरीब



को आवास, शुद्ध जल, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण जैसे कदम उसी विचारधारा का हिस्सा हैं। बुद्ध वाटिका का यह प्रवेश द्वार केवल एक भौतिक निर्माण नहीं है बल्कि यह बाबा साहेब और भगवान बुद्ध के विचारों का प्रतीक है, करुणा, समरसता और समता का द्वार। समिति के सभी सदस्यों को मैं बधाई देता हूँ कि उन्होंने इस कार्य को भव्यता और गरिमा के साथ संपन्न किया।

## कलेक्ट्रेट सभागार में हर्षोल्लास से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती





करंट क्राइम। सोमवार को लेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई गई। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निदेर्शों के क्रम में आज जनपद में सभी जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान के निमार्ता हैं। बाबा साहेब की दूरदर्शिता देश के लिए बहुत कारगर साबित हो रही है। उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर एडीएम सिटी गंभीर सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट संतोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम चन्द्रेश कुमार व अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने डॉ. अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला वहीं अधिकारियों व कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने गान प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने स्कूली बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई।

## आज डिप्टी सीएम बृजेश पाठक रहेंगे गाजियाबाद

### भाजपा स्थापना दिवस समारोह मे लेंगे भाग

**- नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में होगा कार्यक्रम**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार का सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 साल होने और भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। तो वहीं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती को विशेष रूप से मनाए जाने के उद्देश्य को लेकर भाजपा महानगर गाजियाबाद द्वारा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर के सम्मान में समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मंगलवार को गाजियाबाद में रहेंगे। वह पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम नेहरू नगर में दोपहर लगभग ढाई बजे से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अध्यक्ष की भूमिका में मयंक गोयल निभाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारियों और संगठन से लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का मकसद भारतीय जनता पार्टी द्वारा बीते 8 सालों में कराए गए विकास से लेकर अन्य कार्यों को जन-जन तक पहुंचना है।

#### सुरक्षा का भी रहेगा मजबूत घेरा

करंट क्राइम : मंगलवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक गाजियाबाद में होंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर जहां सुरक्षा का कड़ा घेरा रहेगा। तो वहीं कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग में जगह-जगह पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। साथ ही नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में यातायात पुलिस के साथ ही सिविल पुलिस को भी तैनात किया जाएगा।

#### भाजपा स्थापना दिवस में लगातार आ रहे हैं प्रमुख नेता

करंट क्राइम : बीते 15 दिनों के दौरान भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष और प्रमुख नेता गाजियाबाद में आ रहे हैं। बीते दिनों जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा नेताओं के साथ बैठक की थी। तो वहीं उसके बाद कश्यप जयंती समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आए थे। इसके बाद सांसद और कई राष्ट्रीय स्तर के नेता भाजपा के स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में गाजियाबाद में आ रहे हैं। तो वहीं मंगलवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी आ रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सोमवार को भी भाजपा पदाधिकारियों द्वारा एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें तमाम रणनीति पर चर्चा की गई है।

## जनप्रतिनिधियों ने किया संविधान रचयिता को याद



करंट क्राइम : जिलाधिकारी दीपक मीना ने नवयुग मार्केट स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण। संविधान के शिल्पकार डा. बीआर अंबेडकर की जयंती के मौके पर नवयुग मार्केट स्थित बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर पार्क में पहुंचकर जिलाधिकारी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां आयोजित कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, राज्यमंत्री स्वतंत्रप्रभा नरेन्द्र कश्यप, शहर विधायक संजीव शर्मा, नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक , एडीएम सिटी गंभीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय लोक दल ने किया डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद



करंट क्राइम। राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय गाजियाबाद पर सोमवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया गया। महानगर डा. रेखा चौधरी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों ने बाबा साहेब का 134 वा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और उनके द्वारा किए गए महान कार्यों पर प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी में राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू, प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान, प्रदेश सचिव ओ डी त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष अमित त्यागी, खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगराज बालियान व सुनील सिंह, सतपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। इसके बाद रालोद के सभी पदाधिकारियों ने नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

## भाजपा ने बाबा साहब को दिया है सबसे अधिक सम्मान : नरेंद्र कश्यप



**करंट क्राइम।** मकनपुर वार्ड 57 में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती धूमधम से मनाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने डॉ अंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गई। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा भाजपा ने बाबा साहब को सबसे अधिक सम्मान दिया है। कांग्रेस ने बाबा साहब का हमेशा विरोध किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के तहत वक़्फ बोर्ड में संशोधन किया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप न कहा आंबेडकर के संविधान से भारत चलेगा न कि शरिया कानून से। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के तहत वक़्फ बोर्ड में संशोधन किया है। संशोधन से बहुत गरीब मुस्लिम परिवार को राहत मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता, सलेक चंद त्यागी, भगवान दास, प्रकाश चंद, नरेश सिंह जाटव, हुकुम चंद, सलेक जाटव, सचिन राघव, मनोज जाटव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

## सपा ने नवयुग मार्केट अंबेडकर पार्क में मनाई जयंती

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी नेताओं ने सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के निर्माता 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव



अम्बेडकर की जयंती पर सोमवार को नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में इस अवसर पर प्रमुख समाजवादी साथी सम्मिलित रहे जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट, महानगर महासचिव राजन कश्यप, प्रदेश सचिव धर्मवीर डबास, प्रदेश सचिन अभिषेक गर्ग, सिकंदर यादव, पूर्व मेयर प्रत्याशी प्रदेश सचिव अलाउद्दीन अब्बासी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विशाल वर्मा, प्रदेश सचिव बाबू सिंह, आर्य महानगर उपाध्यक्ष वरिष्ठ सपा नेता रमेश चंद यादव, एडवोकेट मनोज पंडित, महानगर उपाध्यक्ष मोहम्मद कल्लन, महानगर अध्यक्ष युवाजन सभा, विक्की ठाकुर, महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड रविंदर यादव, जिला अध्यक्ष छात्र सभा अंशु ठाकुर, जिला अध्यक्ष बाबासाहेब वाहिनी संदीप प्रधान, जिला अध्यक्ष व्यापार सभा अनिल चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी, प्रदेश महासचिव महिला सभा मधु चौधरी, जिला अध्यक्ष महिला सभा दुर्गेश चौधरी, महानगर अध्यक्ष महिला सभा किरण कालिया शामिल हुईं।

## कांग्रेसियों ने किया अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण



# सीएम योगी ने डॉ. आंबेडकर को माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**आंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की हजरतगंज स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया।**



**लखनऊ।** आंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के हजरतगंज स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर उनके साथ उनकी कैबिनेट के सहयोगी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. आंबेडकर के योगदान को याद करते हुए एक्स पर कहा कि सर्वसमावेशी, सर्वहितग्राही, उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को समृद्ध करते भारतीय संविधान के शिल्पकार, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन!

वे सच्चे अर्थों में 'भारत रत्न' एवं लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला थे। समतामूलक एवं न्यायप्रिय समाज की स्थापना के लिए उनका संघर्ष हम सभी को अनंत काल तक प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

### प्रतिमाओं की हुई सफाई

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में रविवार को पूरे प्रदेश में वृहद स्वच्छता अभियान चला। इस दौरान पार्कों, स्मारकों, चौराहों, सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर समेत सभी महापुरुषों व राष्ट्रनायकों की प्रतिमा की साफ-सफाई हुई। सीएम के आह्वान पर इसमें सर्वसमाज ने योगदान दिया तो जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, आमजन सहित सर्वसमाज की भी भागीदारी रही।

# आंबेडकर प्रतिमा पर विवाद : मवई खंतारी से प्रतिमा हटी नहीं, शिवपुरी में बन गया चबूतरा, पुलिस के हाथ-पांव फूले



**लखनऊ।** महिंगवा के मवई खंतारी गांव में ग्राम समाज की जमीन पर जबरन लगाई गई आंबेडकर की प्रतिमा को हटाने को लेकर शुरू हुआ बवाल रविवार को भी शांत नहीं हुआ। उधर, मवई खंतारी से छह किलोमीटर दूर शिवपुरी गांव में भी आंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने की खबर मिलने पर पुलिस के हाथ-पैर फूल गए। मौके पर टीम पहुंची तो पता चला कि फिलहाल चबूतरा ही बना है। प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है। गांव में पुलिस बल तैनात करते हुए ग्रामीणों को समझाने का प्रयास देर रात तक चलता रहा।

मवई खंतारी में शनिवार को उपद्रव के बाद रविवार को भी तनाव की स्थिति बनी रही। ग्रामीणों ने देर रात में प्रतिमा के चारों तरफ वन विभाग के ट्री गार्ड लगाकर रास्ता ब्लॉक कर दिया था। रविवार दोपहर में ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष प्रतिमा के चारों तरफ धरने पर बैठ गए। पुलिस- प्रशासन और ग्रामीणों के बीच वार्ता भी हुई, जो विफल रही। सुबह एक राजनीतिक पार्टी से जुड़े कुछ नेता भी वहां पहुंचे।

अपराह्न तीन बजे डीसीपी उत्तरी गोपाल चौधरी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बन सकी। डीसीपी का कहना है कि रविवार को स्थिति सामान्य रही। गांव वालों से वार्ता की जा रही है। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात है।

**न कोई एफआईआर, न कोई कार्रवाई :** शनिवार को हुए उपद्रव के मामले में अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। ना ही किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई है। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए घटनास्थल से 500 मीटर दूरी पर पुलिस बल व पीएसी तैनात की गई है। एहतियात के तौर पर दमकल की एक गाड़ी भी तैनात की गई है।

**इंटेलीजेंस पूरी तरह फेल, 85 हजार में खरीदी गई थी प्रतिमा :** मवई खंतारी गांव में आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने के मामले में पुलिस तंत्र की बड़ी चूक सामने आई है। गांव के ही कुछ लोगों ने बताया कि पहाड़पुर बीट के पुलिसवालों को पल-पल की खबर थी। उन्होंने गांव की गतिविधियों को गंभीरता से नहीं लिया नतीजा शनिवार को बवाल हुआ। यह भी बताया कि प्रतिमा को स्थापित करने की योजना कई दिनों से चल रही थी। ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर 85 हजार रुपये में प्रतिमा खरीदी। पुलिस व एलआईयू को इसकी भनक तक नहीं लगी।

### सोमवार को जुलूस निकालने की तैयारी

गांव के लोग सोमवार को जुलूस निकालने की तैयारी में हैं। इसके लिए ग्रामीणों ने अनुमति मांगी है, जो फिलहाल दी नहीं गई है। सूत्र बताते हैं कि ग्रामीणों को अनुमति न मिलने की स्थिति में भी जुलूस निकालने की तैयारी में है। इस बारे में कोई पुलिस अधिकारी कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है।

# स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार: दिल्ली में जल्द शुरू होंगे 70 आयुष्मान आरोग्य मंदिर



### मोहल्ला क्लिनिक पर लटकी तलवार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अगले 20 से 25 दिनों में 70 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू किए जाएंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोला जाएगा। दिल्ली सरकार ने एक साल में 1139 ऐसे मंदिर खोलने का लक्ष्य रखा है। ये मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) और बारात घरों जैसी जगहों पर स्थापित किए जाएंगे।

दूसरी ओर भाजपा सरकार ने किराये पर चल रहे मोहल्ला क्लिनिक और पोर्टा केबिन मोहल्ला क्लिनिक को बंद करने का संकेत दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने इन क्लिनिकों को बेकार करार देते हुए कहा कि जल्द ही जांच के बाद इन्हें बंद करने का फैसला लिया जाएगा।

**आयुष्मान कार्ड का तेजी से वितरण :** आयुष्मान भारत योजना के तहत दिल्ली में 10 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होने के बाद अब तक 1 लाख 75 हजार परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। अगले हफ्ते से इनका वितरण शुरू होगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में सरकारी अस्पतालों में केवल 1322 बेड बढ़ाए गए, जबकि 10 हजार बेड का लक्ष्य था। वर्तमान सरकार ने दावा किया कि वह एक साल में बेड की कमी को पूरी तरह खत्म कर देगी।

# आगरा में अखिलेश यादव को धमकी देने का वीडियो वायरल




### सपा यूथ बिग्रेड के नेताओं ने गोरखपुर कैंट में दी तहरीर

**गोरखपुर।** आगरा में वायरल हुए एक वीडियो में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को गोली मारने की धमकी दी गई है। इससे नाराज गोरखपुर के सपा यूथ बिग्रेड के नेताओं ने शनिवार को कैंट थाने में तहरीर दी। गोरखपुर पुलिस का कहना है कि घटना जहां की है, तहरीर वहीं दी जानी चाहिए।

शनिवार को पूर्व जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड डॉ. मो आजम लारी और अधिवक्ता मनोज यादव के नेतृत्व में सपा नेता कैंट थाने पहुंचे। पूर्व जिलाध्यक्ष ने बताया कि आगरा में एक न्यूज चैनल के माध्यम से वीडियो वायरल हुआ है। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को गोली मारने की धमकी दी गई है।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हुई कि धमकी देने वाला लखीमपुर खीरी जिले का निवासी है। अधिवक्ता सभा के महानगर अध्यक्ष डीपी सरोज व मनोज ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज का उत्पीड़न हो रहा है।

# आज शोभायात्रा और भीम नगरी में कड़ी सुरक्षा, आ रहे हैं सीएम योगी



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर शोभायात्रा और भीमनगरी के लिए पुलिस के कड़े इंतजाम रहेंगे। बाहरी जिलों से भी फोर्स लगाया गया है। रविवार शाम को पुलिस लाइन में ब्रीफिंग हुई। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शहर को तीन सुपर जोन, 8 जोन और 36 सब जोन में बांटा गया है।

शोभायात्रा के 14 किलोमीटर मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रहेगा। संवेदनशील इलाकों में पुलिसकर्मियों की सादा वर्दी में तैनाती की गई है। ड्रोन से निगरानी की जाएगी। पुलिस, आरएएफ, पीएसी के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों का फोर्स को लगाया गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को आगरा आएंगे। दोपहर बाद उनके आगमन का कार्यक्रम है। आवास विकास कॉलोनी में सज रही भीम नगरी का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए पुलिस और प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। भीम नगरी स्थल पर साफ-सफाई, नालों पर पत्थर रखने व अन्य कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे हैं। मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह और डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने भीम नगरी स्थल का दौरा किया। भीम नगरी मंच की व्यवस्था लोक निर्माण विभाग ने की है।

**नीले झंडों से पटे रास्ते, आंबेडकर अनुयायियों में छाया उल्लास :** भारत रत्न डॉ. बीआर आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर शहर नील रंग में सराबोर नजर आया। टेढ़ी बगिया, जगदीशपुरा, काजीपाड़ा, बारहखंभा, बोदला से लेकर आवास विकास तक के रास्ते नीले झंडों से पटे हुए हैं। आवास विकास कॉलोनी सेक्टर-11 के मैदान में भीमनगरी का मंच सज रहा है।

### अम्बेडकर जयंती



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। सोमवार को खोड़ा मकनपुर महानगर अध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष निदेर्शानुसार वार्ड नंबर 3 के सभासद संजीव गिरी के द्वारा आयोजित बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। जिसमें मुख्यरूप से भाजपा नेता योगेश भाटी के साथ मकनपुर मंडल के सभी मोर्चे प्रकोष्ठ वार्ड अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने डॉ. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि, जयंती कर उनके योगदान को याद किया







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा मकनपुर नगर पालिका का चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना की और उनके योगदान को याद किया। चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने कहा, ₹समता, स्वतंत्रता और बंधन पर आधारित संविधान की रचना कर उन्होंने भारत की महान लोकतांत्रिक विरासत को समर्थन दिया।

न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज निर्माण की दिशा में बाबा साहेब भीमराव को आज भी प्रेरणा देते हैं। महान संविधान और स्वतंत्रता और स्वतंत्रता के प्रतीक बाबा साहेब भीमराव जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूँ। इस मौके पर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि संविधान और आरक्षण बाबा साहेब की धरोहर है।

सामाजिक न्याय के राज' की स्थापना के लिए, स्वाभिमान-स्वाभिमान' की भावना को और जोड़कर, बाबा साहेब की मां 'संविधान और नैतिकता' के आंदोलन को नई ताकतें प्रदान करें कि 'संविधान ही संजीवनी' है और 'संविधान ही स्वतंत्रता है' और जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा, तब तक हम मान-सम्मान-स्वाभिमान और अधिकार सुरक्षित रहेंगे।

# भारत प्रत्यर्पित होगा मेहुल चोकसी? बेल्जियम से किया गया गिरफ्तार

### 13850 करोड़ के बैंक घोटाले का आरोपी



**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी और भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया है। उसे 12 अप्रैल को बेल्जियम के एक अस्पताल से अरेस्ट किया गया था। कहा जा रहा है कि भारतीय जांच एजेंसियों के अनुरोध पर चोकसी की गिरफ्तारी हुई है।

ईडी और सीबीआई ने जब से चोकसी के प्रत्यर्पण की कोशिश शुरू की है, वह उसके कुछ दिन बाद से ही अस्पताल में इलाज करवा रहा था। सूत्रों के मुताबिक, चोकसी को भारत लाने की कोशिश की जाएगी। हालांकि, चोकसी अभी बेल्जियम की अदलात में कानूनी दांव पेंच का इस्तेमाल कर सकता है इसलिए कानूनी लड़ाई में कुछ वक्त लगेगा।

सितंबर 2024 में चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम से अनुरोध किया गया था। लेकिन उस समय चोकसी के वकीलों ने कहा था कि उनके मुवक्किल की तबीयत ठीक नहीं है और वह ब्लड कैंसर से जूझ रहा है इसलिए उसका प्रत्यर्पण नहीं हो सकता। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने कोर्ट को बताया था कि अगर वह इलाज के लिए एंटीगुआ से बेल्जियम जा सकता है तो वह भारत जाकर भी इलाज करा सकता है। ईडी और सीबीआई के प्रत्यर्पण अनुरोध के बाद बेल्जियम पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

मेहुल चोकसी करोड़ों रुपये के पीएनबी घोटाले में मुख्य आरोपी हैं। ये घोटाला 13,500 करोड़ रुपये से ज्यादा का है। चोकसी 2018 से एंटीगुआ में रह रहा है। ईडी ने चोकसी के खिलाफ तीन चार्जशीट दाखिल की हैं। 2019 में ईडी ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया था कि चोकसी 'भगोड़ा और फरार' है।

2018 में पीएनबी घोटाला साने आने के बाद चोकसी भारत छोड़कर फरार हो गया था। चोकसी का भतीजा नीरव मोदी भी इस घोटाले में आरोपी है और लंदन में प्रत्यर्पण कार्यवाही का सामना कर रहा है।

चोकसी की मई 2021 में एंटिगुआ से लापता होने की खबरें भी सामने आई थीं, लेकिन बाद में उसके डोमिनिका में होने की खबर आई थी। सीबीआई ने इंटरपोल से मेहुल चोकसी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की अपील की थी। इसके बाद 2018 में इंटरपोल ने चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया था। रेड नोटिस हटाने के लिए चोकसी की ओर से इंटरपोल में याचिका दायर हुई थी। इसमें उसने दावा किया था कि 2021 में भारतीय जांच एजेंसियों उसका 'अपहरण' कर लिया था और डोमिनिका ले गए थे।

## न्यूज डायरी

### वसुंधरा 4 ए मनोकामना अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बने बृजपाल सिंह



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वसुंधरा सेक्टर 4ए मनोकामना अपार्टमेंट में आरडब्ल्यूए चुनाव हुए। जिसमे बृजपाल सिंह को आरडब्ल्यूए का अध्यक्ष चुना गया। भारत डोर्बी महासचिव, संजय डोभाल व पवन राठी उपाध्यक्ष, संतोष मिश्रा व सतीश यादव संयुक्त सचिव और अरविंद पांडे कोषाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। चुनाव समिति के अध्यक्ष दुष्यंत कुमार की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न हुए। रंजीत सिंह, भास्कर डे, पीयूष शर्मा, संजय मीणा, नीरज कुमार, सुनील बहुखंडी व जीएन अंसारी चुनाव समिति के सदस्य रहे। बृजपाल सिंह ने सभी का आभर व्यक्त किया ओर सोसायटी में सभी को साथ लेकर मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वार्ड 61 के पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी और कहां सोसायटी के विकास के लिए सदैव आपके बीच रहूंगा।

### पार्षद हिमांशु चौधरी ने धूमधाम से मनाई भीमराव अंबेडकर जयंती



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद हिमांशु चौधरी ने वार्ड 41 ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई। पार्षद ने कार्यकताओं के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और लोगों से बाबासाहेब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य आयोजक वीरपाल मलिक, बहादुर सिंह जाटव अमन सिंह जाटव, दलजीत उधम सिंह जाटव लोग मौजूद रहे। पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि बाबासाहेब का जीवन और उनके आदर्श हमें समाज के लिए काम करने और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने लोगों से बाबासाहेब की विरासत को आगे बढ़ाने और उनके सपनों को पूरा करने का आह्वान किया।

# आगरा के बाद अब दिल्ली के लिए कूच करेगी करणी सेना




**आगरा।** आगरा के गढ़ी रामी में रक्त स्वाभिमान सम्मेलन के बाद अब पटना में भी श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने महाराणा प्रताप की जयंती पर 9 मई को दिल्ली कूच का एलान किया है। उन्होंने वहां भी समाजवादी पार्टी का बहिष्कार करने की शपथ क्षत्रिय समाज के लोगों को दिलाई।

रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में जयपुर से अपने समर्थकों के साथ पहुंचे महिपाल सिंह ने कहा था कि जब तक सांसद सुमन की सदस्यता खत्म नहीं होती। अखिलेश यादव राणा सांगा के स्मृति स्थल पर जाकर माफी नहीं मांगते हैं तब तक स्वाभिमान की जंग जारी रहेगी। उन्होंने कहा है कि हम संयुक्त करणी सेना के साथ दिल्ली कूच करेंगे।

दूसरी ओर, मेवाड़ी क्षत्रिय राजपूत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दिलीप सिंह का कहना है कि दिल्ली कूच के संबंध में हमारी करणी सेना से कोई वार्ता नहीं हुई है। सम्मेलन में इस विषय पर कोई प्रस्ताव भी पास नहीं हुआ है। इसके बाद भी अगर कोई कार्यक्रम होता है तो हम विचार करेंगे।

# स्क्रीन एडिक्शन से थक रहा दिमाग और बढ़ रहा अवसाद, पढ़ाई-लिखाई में कमजोर हो रहे बच्चे



**आगरा।** आगरा के सिकंदरा-बोदला रोड स्थित फीलिंग्स माइंड्स के कार्यालय में मेंटल हेल्थ कार्निवाल में वक्ताओं ने बढ़ते तनाव, अवसाद समेत मानसिक विकार की वजह, दुष्प्रभाव और बचाव पर व्याख्यान दिए। सात दिवसीय सेमिनार के पहले दिन संगीत-नृत्य की भूमिका के बारे में भी बताया।

मुख्य वक्ता कुमायूं विश्वविद्यालय की पूर्व मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. आराधना शुक्ला ने कहा कि बच्चों और किशोरों का स्क्रीन एडिक्शन से दिमाग थक रहा है। इससे सीखने, समझने और याद करने की क्षमता कम हो रही है। युवा मन माफिक वेतन न मिलना, काम का तनाव और दूसरों की बेहतर भौतिक जीवन से तनाव और अवसाद से जूझ रहे हैं।

संस्था निदेशक डॉ. चीनू अग्रवाल ने इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के दुरुपयोग से निर्भरता बढ़ती है और फिर उसकी लत लगती है। इससे अनिंद्रा, गुस्सा अधिक आना, तनाव समेत अन्य परेशानियां बढ़ने लगती हैं। पुणे की तनु गजबी ने तनाव से बचने के लिए नृत्य-संगीत थेरेपी के बारे में बताया। मुख्य अतिथि एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बढ़ते मानसिक विकारों के लिए संयुक्त परिवार की कमी और भौतिकवाद को बड़ी वजह बताया। कार्यक्रम में डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. रविंद्र अग्रवाल, आलोक कुलश्रेष्ठ, कविता कुलश्रेष्ठ, हेतल देसाई, पूजा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ये दिए सुझाव

- जरूरी कार्य के लिए ही इलेक्ट्रोनिक उपकरणों का उपयोग करें
- नियमित योग, ध्यान, व्यायाम और सुपाच्य-पौष्टिक भोजन करें
- बच्चों-किशोरों की मोबाइल-टीवी, कैलकुलेटर पर निर्भरता कम करें
- तनाव से बचने के लिए पेंटिंग, कविता लेखन समेत अपनी हॉबी पूरा करें

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 15 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




## आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर आयुक्त के रूप में गाजियाबाद को दी बड़ी उपलब्धि

# नगर निगम की वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्रणाली को मिली आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की प्रशंसा






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक अधिकारी के रूप में आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जहां अपने कुशल व्यवहार एवं कार्यशैली से निगम में एक नए वर्किंग कल्चर को इजाद किया हैं। वहीं उनकी प्रबंध क्षमता ने निगम को कई उपलब्धियां भी दिलाई हैं। नगर निगम के लिए एक बार फिर उन्होंने गर्व करने का मौका दिया है क्योंकि नगर निगम की वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्रणाली को भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने सराहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम जहां ट्रिपल आर (रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल) पर बेहतर कार्य कर रहा है वहीं वाटर वेस्ट मैनेजमेंट में भी प्रशंसा ने कार्य कर रहा है जिसके लिए आवसान और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की प्रशंसा की गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत 40 टछ्ऊके टीएसटीपी प्रोजेक्ट को सरहाया गया, तथा वाटर यूज प्रणाली की प्रशंसा की गई, गाजियाबाद शहर वासियों ने नगर आयुक्त तथा जलकल विभाग अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### वाटर प्लस की गाइडलाइन के अंतर्गत 35% वेस्ट वाटर का यूज कर रहा है निगम : नगर आयुक्त

करंट क्राइम। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम वेस्ट वाटर मैनेजमेंट में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, जिसके लिए मिनिस्ट्री ने गाजियाबाद नगर निगम के कार्यों को सराहा गया। ऑनलाइन ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड, टीएसटीपी 40 एमएलडी प्लांट संचालन के कार्यों को ट्वीट भी किया गया है। जिस पर लगभग हजारों शहर वासियों ने गाजियाबाद नगर निगम की वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्रणाली को सराहा है। इसके अलावा वाटर प्लस प्लस की गाइडलाइन के अनुसार वेस्ट वाटर का लगभग 35% गाजियाबाद नगर निगम जनहित में री-यूज कर रहा है, जिसमें जलकल विभाग अधिकारियों द्वारा विशेष कार्यवाही की जाती है।

### शहरी विकास के अलावा जल मंत्रालय भी कर चुका है इस प्रोजेक्ट की तारीफ

करंट क्राइम। शोधित जल का उपयोग साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र के लिए किया जाए, इसकी पूरी योजना गाजियाबाद नगर निगम में बनाई जा चुकी है। इस कार्य येजना को अमल में शीघ्र ही लाना प्रारंभ किया जाएगा। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग शोधित जल का उपयोग बिल्डिंग निर्माण में भी किया जा रहा है। इसके अलावा आवश्यकता को देखते हुए पानी छिड़काव का कार्य करने में भी शोधित जल का उपयोग हो रहा है। अन्य जहां पर शोधित जल सेकेंडरी जल की आवश्यकता हो रही है। वहां पर भी वेस्ट वाटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। गाजियाबाद नगर निगम की इस कार्य प्रणाली पर पूर्व में जल मंत्रालय ने भी प्रशंसा की गई है।

## किस पदाधिकारी के रवैये से होकर खिन्न भाजपाई ने कर ली समाजवादी पार्टी ज्वाइन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा अपने कुनबा एक्सटेंशन प्रोग्राम चला रही है। वो कुनबा बढ़ाने के लिए अपने बागियों की बगावत माफ कर रही है। उन्हें लेकर आ रही है, दूसरे दल के नेताओं को लेकर आ रही है। लेकिन इसके ठीक विपरीत घटना मटियाला में हो गई।

जहां एक भाजपाई ने एक भाजपाई के रवैये से खिन्न होकर मटियाला गांव में समाजवादी पार्टी ज्वाईन कर ली। समाजवादी पार्टी ने बढ़ता परिवार का संदेश दिया। पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप प्रधान ने रविवार को समाजवादी पार्टी ज्वाईन कर ली। भाजपा के संदीप प्रधान को समाजवादी पार्टी ज्वाईन करने पर समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी गाजियाबाद का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार जाटव ने की।

भाजपाई के समाजवादी हो जाने की कहानी रोचक बताई जाती है। भाजपा सबका साथ सबका विकास की बात कर रही है। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि भाजपा के ही पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप प्रधान ने भाजपा छोड दी। भाजपा के सूत्र बताते हैं कि संदीप प्रधान एक पूर्व जिला महामंत्री के रवैये से बेहद खिन्न थे और जब कोई हल नहीं निकला तो उन्होंने समाजवादी पार्टी ज्वाईन कर ली।

## जब महिला जनप्रतिनिधि ने किया मंत्री जी को मंच पर अपडेट

## बोलीं, लाइब्रेरी से ज्यादा जरूरी नहीं है गेट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनपद में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में कहीं अधिकारी मौजूद रहे, कहीं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे और जब मंच होता है, माइक होता है तो फिर शब्दों की भी बहार होती है। मौका ही ऐसा था कि शब्दों के जरिए कहीं वादे थे, कहीं इरादे थे और इन वादों और इरादों के बीच में किसी ने वादा किया तो किसी ने उस वादे में अपना सुझाव दिया। बहरहाल मामला दो बड़े जनप्रतिनिधियों का है और हुआ भी ये मंच से। लिहाजा सुझाव वाले पंच का किस्सा गूंज रहा है।

नवयुग मार्किट में डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन था। इस आयोजन में पिछड़ों और अति पिछड़ों की विशेष रूप से राजनीति करने वाले सरकार के एक मंत्री मौजूद थे। मंत्री भी मधुर वक्ता हैं और देर तक माइक संभालने की क्षमता है। शब्दों की मिठास में उनका कोई सानी नहीं है। जब मंत्री जी के हाथ में मंच पर माइक आया तो मंत्री जी अपनी फॉर्म में आ गए। उन्होंने सरकार के इरादे गिनाएं, सरकार की



उपलब्धियां बताईं, बाबा साहब के जीवन की यात्रा पर प्रकाश डाला और फिर उन्होंने कुछ कह डाला कि मंच पर ही मौजूद एक लेडी जनप्रतिनिधि ने उन्हें बीच में ही इंटरफेयर कर लिया और उनकी बातों में अपने सुझाव को केयर कर लिया। दरअसल यहां मंत्री जी ने इरादे और वादे गिनाते हुए अपने भाषण में कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर के नाम से एक गेट का निर्माण होगा। उन्होंने ये भी कहा कि इस गेट का निर्माण वो अपनी निधि से कराएंगे। अभी मंत्री जी वादों में गेट का निर्माण करा रहे थे, डीपीआर तैयार होती उससे पहले ही यहां मंच पर मौजूद लेडी जनप्रतिनिधि ने इंटरफेयर कर दिया।

उन्होंने कहा कि गेट से ज्यादा जरूरी लाइब्रेरी का निर्माण है और ये भी कहा कि लाइब्रेरी ज्यादा जरूरी है। इसके बाद माइक वापस मंत्री जी के हाथ में आ गया, लेकिन फिर गेट का निर्माण भाषण में भी नहीं हुआ। मंत्री जी गेट निर्माण करा रहे थे तो ऐसा क्या हुआ कि लेडी जनप्रतिनिधि ने उन्हें भाषण में भी गेट का निर्माण नहीं कराने दिया। बहरहाल जो भी हो किस्सा गूंज रहा है।

## गोविन्दपुरम अनाज मंडी में चल रही है 45 लाख के टॉयलेट की लेट कथा

## जनरल वीके सिंह की निधि से बने एक साल हो गया मगर नहीं सुन रहा कोई व्यापारियों की व्यथा




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ये कहानी उस अनाज मंडी की है जहां प्रतिदिन देहात और शहर से व्यापारी आते हैं। यहां बड़ी संख्या में आढ़ती है और सरकार का पैसा लगे, एक साल हो गया लेकिन एक ऐसा टॉयलेट है जिसका ताला एक साल से नहीं खुल रहा है। व्यापारी परेशान है और गोविन्दपुरम मंडी समिति के सरकारी अधिकारी इस ताले को क्यों नहीं खोल रहे हैं यह सवाल अनाज मंडी के पदाधिकारी उठा रहे हैं। उनका कहना है कि जब सरकार ने व्यापारियों की सुविधा के लिए 45 लाख रूपये खर्च कर दिये तो फिर मंडी समिति के अधिकारी इसे शुरू करने की जिम्मेदारी क्यों नहीं उठा रहे है। ऐसी क्या वजह है कि सांसद निधि से पैसा भी लग गया और व्यापारियों को सहूलियत नहीं मिल रही। बताते हैं कि जनरल वीके सिंह के कार्यकाल में उनकी सांसद निधि से गोविन्दपुरम अनाज मंडी में दो पब्लिक टॉयलेट का निर्माण स्वीकृत हुआ था। जनरल वीके सिंह अपनी सांसद निधि से इन टॉयलेटों के निर्माण का प्रस्ताव किया था जो पास हो गया था और फिर लगभग 45 लाख की लागत से यहां दो टॉयलेट का निर्माण हुआ। इसके बाद जनरल वीके सिंह तो राज्यपाल बन कर मिजोरम चले गये और यहां अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हो गये। अब मंडी में जो किसान आते हैं उन्हें इस बातसे क्या सरोकार है कि कौन राज्यपाल बन गया है और कौन सांसद बन गया है। उनका कहना है कि जो सुविधा किसानों के लिए और अनाज मंडी के व्यापारियों के लिए सरकार के खजाने से निर्मित करायी गई है वो क्यों नहीं मिल रही है। आखिर मंडी समिति के अधिकारी एक साल से इस पर ताला लगाकर किस बात का इंतजार कर रहे हैं। 45 लाख रूपये का ये निर्माण पूरा होने के बाद भी एक साल से ताला खोले जाने का इंतजार कर रहा है।

### कहीं हो तो नहीं रहा जनरल का इंतजार



करंट क्राइम। टॉयलेट बन कर तैयार है और उद्घाटन नहीं हो रहा। एक साल हो गया, मगर ऐसा क्या है कि इन पर ताला लगा है। माना ये भी जा रहा है कि उद्घाटन के फीते में छुपे संभावित फजीते से अधिकारी बच रहे हैं। दरअसल ये कार्य जनरल वीके सिंह की सांसद निधि से हुआ था और अब वो मिजोरम के गर्वनर है। ऐसे में उनके नाम का पत्थर लगे टॉयलेट का उद्घाटन शायद इसीलिए नहीं हो रहा। बीते दिनों पूर्व सांसद तथा मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह गाजियाबाद आये थे और जो जिम उन्होंने अपनी निधि से स्वीकृत कराये थे वो उनका उद्घाटन करके गये थे। ऐसे में हो सकता है कि किसी दिन जनरल वीके सिंह आयें और उद्घाटन करें। ये भी संभव है कि वीडियो कान्फ्रेंसिग के जरिए उद्घाटन हो जाये। मगर ये कतई संभव नहीं है कि कोई और नेता आकर इसका उद्घाटन कर दे। इसीलिए चर्चा ये है कि शायद उद्घाटन के लिए जनरल वीके सिंह का इंतजार हो रहा है।

### कई बार मंडी प्रशासन से कहा मगर नहीं हुई सुनवाई : सुधीर गोयल मोनू



करंट क्राइम। गोविन्दपुरम अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू ने कहा कि मैं खुद कई बार इस बात को लेकर मंडी प्रशासन से कह चुका हूं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। यही समझ नही आ रहा कि आखिर मामला क्या है। अगर कोई तकनीकी पेंच है तो वो भी पता चले। और अगर जनता के पैसे से जनता की सुविधा जनता के सांसद ने दी है तो फिर जनता को ये सुविधा क्यों नहीं मिल रही है। अगर मंडी प्रशासन इसका विधिवत उद्घाटन भी कराना चाहता है तो वो इसके लिए प्रयास तो करे। हम सहयोग के लिए तैयार है। लेकिन हमारा इतना ही कहना है कि अगर ये दो टॉयलेट शुरू हो जायेंगे तो किसानों को, व्यापारियों को एक बड़ी राहत मिलेगी।

### किसान ने बताई अपनी व्यथा



करंट क्राइम। सिकरोड के प्रधान रामपाल सिंह किसान हैं। वो गोविन्दपुरम अनाज मंडी में किसी काम से आये। उन्होंने बताया कि उन्हें शौचालय जाना था लेकिन वहां जाकर पता चला कि इसका तो ताला ही बंद है और ताला क्यों बंद है, किसके पास चाबी है इसका भी नहीं पता। किसानों के लिए ये टॉयलेट बनाये गये हैं और किसी दिन किसान ही खुद उद्घाटन कर इसका ताला खोल देंगे।

## शहर विधायक संजीव शर्मा ने जताई पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के पत्र पर सहमति

## कहा- हमारा भी है समर्थन और शासन में रखेंगे बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी अक्सर समय-समय पर विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी रखते हैं। बड़ी बात ये है कि वो सही मुद्दे पर सरकार के अधिकारियों को भी निशाने पर लेते हैं और एक सुझाव भी देते हैं। बीते दिनों जीडीए ने एक बड़ी आवासीय योजना की घोषणा की। इस आवासीय योजना का नाम जीडीए अधिकारियों ने हरनंदीपुरम रखा। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने जीडीए अधिकारियों के इस फैसले का विरोध किया। उन्होंने एक पत्र लिखा और कहा कि यह सरकार का विषय है और इस योजना के नाम में बदलाव होना चाहिए। उन्होने कहा कि प्रत्येक सरकार अपने कार्यकाल में अपने दल के युग पुरुषों के नाम पर निर्माण कराती है। ऐसे में गाजियाबाद में अगर आवासीय योजना शुरू हो रही है तो उसका नाम हरनंदीपुरम के स्थान पर कुछ और होना चाहिए।

**गाजियाबाद में अगर आवासीय योजना शुरू हो रही है तो उसका नाम हरनंदीपुरम के स्थान पर कुछ और होना चाहिए।**



उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर इस योजना का रखने की मांग की। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी इस कथन पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने सहमति जताई। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल सही बात है। क्योंकि अधिकारियों ने खुद ही इस योजना का नाम रख लिया। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के पत्र का पूरी तरह समर्थन करता हूं और मैं स्वयं विधानसभा सदन में इस बात को उठाऊंगा। शासन में अधिकारियों के पास इस नाम को लेकर जाऊंगा। इस आवासीय योजना का नाम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर होना चाहिए। शासन से इसकी मंजूरी लेकर आएंगे। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी वास्तव में बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सही समय पर सही मुद्दा उठाया है। यह हमारे लिये भी और गाजियाबाद के लिये भी सौभाग्य की बात होगी कि हम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित होने वाली आवासीय योजना का एक हिस्सा बनेंगे। हम सबको मिलकर आवाज उठानी होगी और इस योजना का नाम अटल जी के नाम पर ही होगा।

## संपादकीय

# सुधार की जरूरत

यूपीआई में बार-बार आ रही तकनीकी खराबी से लोग परेशान हैं। दो हफ़्तों में तीसरी बार ऐसा होने से वैकल्पिक व्यवस्था की जरूरत महसूस हो रही है। हालाँकि, भारत का यह पेमेंट सिस्टम दुनिया में सबसे आगे है, लेकिन आईपीएल के दौरान ट्रांजेक्शन बढ़ने से सिस्टम पर दबाव बढ़ा है।

यानी यूपीआई के एक बार फिर डाउन होने से बड़ी संख्या में यूजर्स को परेशानी झेलनी पड़ी। दो हफ्ते में तीसरी बार इस तरह की दिक्कत पेश आना बताता है कि एक अकेली बॉडी नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के भरोसे रहने के बजाय वैकल्पिक इंतजाम भी किए जाने चाहिए। वैसे, यह भी सच है कि भारत का ऐप्स बेस्ड पेमेंट सिस्टम बाकी दुनिया से कहीं आगे है। टेक्निकल एरर यूपीआई के डाउन होने पर एनपीसीआई की ओर से बताया गया कि तकनीकी समस्या की वजह से ऐसा हुआ। दिन में कई घंटे के लिए ट्रांजेक्शन रुक गए। ऐसा ही कुछ मार्च के आखिरी हफ्ते में भी हुआ था और तब भी यही कारण बताया गया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि अप्रैल में यूपीआई ट्रांजेक्शंस बहुत बढ़ गए हैं और इसके पीछे है आईपीएल। इस समय बेटिंग और गेमिंग ऐप्स के चलते ऑनलाइन लेनदेन खूब हो रहा है। इस महीने हर दिन औसतन 60 करोड़ ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। तैयारी क्यों नहीं केवल मार्च में ही 18 अरब यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए, जबकि इसके पहले के तीन महीनों में यह आंकड़ा केवल 16 अरब था। जाहिर है कि इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने के साथ ही ट्रांजेक्शन भी बढ़ा। जब दो बार पहले टेक्निकल एरर का सामना किया जा चुका था, तो तीसरी बार के लिए तैयारी क्यों नहीं हुई ?

सबसे ज्यादा लेनदेन पूरी दुनिया में जितने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होते हैं, उसके करीब 49% केवल भारत में अंजाम दिए जाते हैं। 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, यूपीआई के जरिये 117.6 अरब लेनदेन किए गए। हर दिन के साथ यह आंकड़ा बढ़ रहा है। इसकी वजह है सहूलियत और देश के दूरदराज के इलाकों तक इंटरनेट की पहुंच। यूपीआई ने आर्थिक समानता लाने में मदद की है, बैंकों पर से बोझ कम किया है और लेनदेन को चंद सेकंड्स का काम बना दिया है। सबसे बड़ी बात कि इससे लेनदेन पर आम जनता को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता। दूसरे भी मुरीद कुछ तकनीकी खामियों के बावजूद यूपीआई जैसा कोई और सिस्टम दुनिया में मौजूद नहीं, जो इतनी बड़ी आबादी के बीच काम कर सके। यही वजह है कि फ्रांस, सिंगापुर, यूएई, मॉरिशस समेत सात देश इसका इस्तेमाल करने लगे हैं और भविष्य में कई और मुल्क भी इससे जुड़ेंगे। सुधार जरूरी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एनपीसीआई पर से बोझ कम करने के लिए एक अम्ब्रेला बॉडी बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन इस पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। हालांकि अब समय की जरूरत को देखते हुए लगता है कि यूपीआई को स्मूद और एरर फ्री बनाने के लिए कुछ जरूरी सुधार किए जाने चाहिए।

# भारत टैरिफ पर रोक के बाद अमेरिका को 40000 टन झींगा भेजेगा

## रोके गए शिपमेंट जाने को तैयार

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए जवाबी टैरिफ पर 90 दिनों की रोक के बाद भारतीय कारोबारी झींगे की एक बड़ी खेप अमेरिका भेजने की तैयारी में हैं। जानकारों के अनुसार भारत के समुद्री खाद्य निर्यातक अमेरिका को 35,000-40,000 टन झींगा भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 26 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाने की योजना पर रोक लगाने और शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने के बाद ऑर्डर की संख्या स्थिर है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ के महासचिव केएन राघवन ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, ₹अब हमें काफी राहत मिली है, क्योंकि हम अब आयात शुल्क के मामले में अमेरिका के अन्य निर्यातकों के बराबरी पर पहुंच गए हैं। अब रोके गए शिपमेंट पर काम किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि देरी से भेजे गए झींगा के लगभग 2,000 कंटेनरों को अब निर्यात के लिए तैयार किया जा रहा है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को उच्च टैरिफ की घोषणा करने के एक सप्ताह बाद ही 9 अप्रैल को टैरिफ को रोकने का निर्णय लिया था। अस्थायी राहत के तहत चीन को छोड़कर सभी देशों पर 10 प्रतिशत का व्यापक टैरिफ लागू रहेगा, क्योंकि चीन पर 145 प्रतिशत शुल्क लगता है। वर्तमान में, अमेरिका को भारतीय झींगा निर्यात पर 17.7 प्रतिशत का प्रभावी सीमा शुल्क लगता है, जिसमें 5.7 प्रतिशत प्रतिकारी शुल्क और 1.8 प्रतिशत एंटी-डंपिंग शुल्क शामिल है। उद्योग सूत्रों ने बताया कि भारतीय निर्यातक आमतौर पर डिलीवरी शुल्क-भुगतान व्यवस्था के तहत टैरिफ लागत वहन करते हैं। जिसका अर्थ है कि पहले से अनुबंधित शिपमेंट को उच्च टैरिफ के कारण अतिरिक्त खर्चों का सामना करना पड़ता। उद्योग के एक प्रतिनिधि ने कहा, 90 दिन की रोक निर्यातकों को बिना किसी अतिरिक्त लागत के इन ऑर्डरों को पूरा करने का अवसर प्रदान करता है। एसोसिएशन ने बताया कि अमेरिका से ऑर्डर में कोई कमी नहीं आई है। अमेरिका मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से भारत का सबसे बड़ा झींगा बाजार बना हुआ है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में अमेरिका को 2.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का झींगा निर्यात किया।

# खनन गतिविधियों से प्रभावित लोगों की भलाई के लिए सरकार का कदम



**नई दिल्ली।** खनन की गतिविधियों से प्रभावित होने वाले लोगों की भलाई के लिए खान मंत्रालय एक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई स्थापित करने पर विचार कर रहा है। इस इकाई का काम राज्यों के साथ प्रभावित लोगों के विकास के लिए चल रही योजनाओं का बेहतर प्रबंधन करना और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना को सुचारु रूप से लागू करना होगा। सरकार ने साल 2025 में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) की शुरूआत की है। इसके तहत जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) को माइनिंग एक्ट के तहत मिलने वाले धन का प्रभावित लोगों की बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जाना है।

केंद्र सरकार ने संबंधित राज्य सरकारों को डीएमएफ के तहत उनकी ओर से बनाए गए नियमों में पीएमकेकेकेवाई को शामिल करने और इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया है। खनन मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर दी गई जानकारी में बताया कि सरकार डीएमफ और पीएमकेकेकेवाई की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है।

# कोरोना संकट के बाद डीजल की मांग में सबसे धीमी वृद्धि



**नई दिल्ली।** भारत में सबसे अधिक खपत वाले पेट्रोलियम उत्पाद डीजल की मांग में वृद्धि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में महामारी के बाद से सबसे कम रही। इसका कारण अर्थव्यवस्था की धीमी गति और स्वच्छ ईंधन की खपत में इजाफा है। तेल मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना व विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) की ओर से जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) में डीजल की खपत 2 प्रतिशत बढ़कर 91.4 मिलियन टन हो गई।

ट्रकों और कृषि मशीनरी को चलाने के लिए उपयोग किए जाने वाले डीजल की मांग में 2024-25 में वृद्धि पिछले वित्त वर्ष के 4.3 प्रतिशत और 2022-23 के 12.1 प्रतिशत के मुकाबले काफी धीमी रही। भारत में इस्तेमाल होने वाले तेल में डीजल का हिस्सा करीब 40 प्रतिशत है। मांग में नरमी देश में आर्थिक गतिविधियों से जुड़ा रुझान देती है। बीते कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) भारत में डीजल की मांग को नया आकार देने लगे हैं। उद्योग के जानकारों के अनुसार डीजल अब भी भारत के परिवहन क्षेत्र के तीन-चौथाई हिस्से को संचालित करता है। हालांकि ईवी का इस्तेमाल बढ़ने के कारण डीजल की मांग में वृद्धि धीमी हो रही है। पेट्रोल की तुलना में डीजल की खपत घटने का मुख्य कारण भी ईवी का बढ़ता इस्तेमाल है। दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में इलेक्ट्रिक बसों को तेजी से अपनाया जा रहा है, और कई टियर-2 और टियर-3 शहरों में इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा (ई-रिक्शा) प्रमुख हो गए हैं, जिससे शहरी सार्वजनिक परिवहन में डीजल के उपयोग में सीधे तौर पर कमी आई है। इसके अलावा, अमेजन, फ्लिपकार्ट और बिगबास्केट जैसी कंपनियां अपने डिलीवरी बेड़े को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदल रही हैं। यह बदलाव मुख्य रूप से डीजल से चलने वाली वैन और एलसीवी (लाइट कमर्शियल व्हीकल्स) को प्रभावित करता है।

# अमेरिका संग टैरिफ विवाद के बीच चीन के निर्यात में 12.4% की वृद्धि, आयात में गिरावट आई

**नई दिल्ली।** चीन के निर्यात में मार्च में एक साल पहले की तुलना में 12.4% की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से लगाए गए टैरिफ में वृद्धि से बचने के लिए निर्यात में जोर लगाया है, जिससे यह तेजी देखी गई। चीन की सरकार ने सोमवार को इसका एलान किया। चीन के सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आयात में 4.3% की गिरावट आई। बयान के अनुसार, विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से निर्यात वर्ष के पहले तीन महीनों में एक वर्ष पहले की तुलना में 5.8% बढ़ा, जबकि आयात में 7% की गिरावट आई। मार्च में चीन का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष 27.6 बिलियन डॉलर रहा, जबकि इसके निर्यात में 4.5% की वृद्धि हुई। वर्ष की पहली तिमाही में अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष 76.6 अरब डॉलर रहा। ट्रम्प की व्यापार नीतियों में हालिया संशोधनों के अनुसार, चीन को अमेरिका को किए जाने वाले अधिकांश नियातों पर 145% टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, निर्यात में सबसे अधिक वृद्धि चीन के दक्षिण-पूर्वी एशियाई पड़ोसियों को हुई, जहां मार्च में चीन से निर्यात में एक साल पहले की तुलना में लगभग 17% की वृद्धि हुई। अफ्रीका को निर्यात में 11% से अधिक की वृद्धि हुई। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सोमवार को क्षेत्रीय दौरे के तहत वियतनाम की यात्रा पर जा रहे हैं।



# वॉल स्ट्रीट में बढ़त लौटने से एशियाई बाजारों में तेजी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के बाद कि फोन और लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स पर अन्य उत्पादों की तरह उच्च आयात शुल्क नहीं लगेगा, वैश्विक व्यापार में व्याप्त तनाव थोड़ा कम हुआ। इसके बाद सोमवार को एशियाई बाजारों में तेजी दिखी। शुक्रवार को अमेरिकी शेयरों में उछाल के बाद अमेरिकी वायदा में भी बढ़ोतरी दिखी। हालांकि, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और तेल की ऊंची कीमतों ने ट्रम्प के व्यापार युद्ध की चिंता को बरकरार रखा है। सोमवार को जापान का निक्केई 225 1.8% बढ़कर 34,189.37 पर और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.8% बढ़कर 2,452.42 पर पहुंच गया। आईटी कंपनियों के शेयरों में उछाल हफ्ते के पहले कारोबारी दिन प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में उछाल आया। इस दौरान, टोक्यो इलेक्ट्रॉन में 2% और परीक्षण उपकरण निमार्ता एडवांटेस्ट में 5.4% की वृद्धि देखी गई। दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में 1.4% की बढ़त दर्ज की गई।



## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वगीर्कृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने ₹टॉमटाटो₹ का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर वास्तव में आपके लिए बेहतर होते हैं, क्योंकि अधिक फायदेमंद रसायनों को छोड़ दिया जाता है। टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।

## राशिफल

**मेष :** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृष :** शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा।

**मिथुन :** धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कर्क :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन–देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे।

**सिंह :** संपत्ति की खरीद–फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या :** व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार–व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक :** प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है।

**धनु :** कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा।

**मकर :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

**कुंभ :** सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार–व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मीन :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी–मजाक न करें।

## चुटकुले

पड़ोसन पांच मिनट से हाथ हिला रही थी, तो
पप्पू ने भी हाथ हिलाया और हाय किया...!
तभी पीछे से बीवी ने पीठ पर जोरदार थाप मारी और बोली
सामने वाली तुम्हें हाय नहीं कर रही है,
अपनी खिड़की का कांच साफ कर रही है...!

---

पत्नी – क्या बनाऊं आज...?
पति – बात का बतंगड़ छोड़ के कुछ भी
बना ले, खा लूंगा...!

---

लड़का – आप इतनी सुंदर कैसे हैं...?
लड़की – शराब के कारण...!
लड़का – आप शराब पीती हैं...?
लड़की – मैं नहीं कमीने, तू नशे में है,
इसलिए मैं सुंदर दिख रही हूं...!

---

पप्पू (मन ही मन सोचते हुए)
मेरा तो दिमाग घूम गया ये सोच सोच कर कि
कुछ लोग शादी के बाद भी 'ब्लड डोनेट' करते हैं...!
आखिर इतना बचता कैसे है...?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# तीरंदाजी विश्व कप में धीरज ने व्यक्तिगत कांस्य जीता

## पुरुष टीम को रजत पदक



**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है। सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया। धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार गए थे। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था। भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। इससे पहले भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे।

### भारत ने इस प्रतियोगिता में जीते चार पदक

# चक्का फेंक में विश्व रिकॉर्ड, 75.56 मीटर का थ्रो




**लिथुआनिया।** लिथुआनिया के मायकोलास अलेक्ना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चक्का फेंक में यहां अपने विश्व रिकॉर्ड को दो बार पीछे छोड़ा। उन्होंने ओक्लाहोमा थ्रोज सीरीज वर्ल्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता में 247 फीट, नौ इंच (75.56 मीटर) चक्का फेंककर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस स्टार खिलाड़ी में इससे पहले अपने शुरूआती प्रयास में 74.89 मीटर चक्का फेंककर अपने पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा था।

पिछले साल इसी प्रतियोगिता में उन्होंने 1986 से चला आ रहा विश्व रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के मैट डेनी ने 74.78 मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर कुछ समय के लिए रिकॉर्ड अपने नाम किया, लेकिन 22 वर्षीय अलेक्ना ने जल्द ही फिर से उसे अपने नाम कर दिया।

# 19वें ओवर में 3 रन आउट से मैच पलटा:मुंबई की दिल्ली पर रोमांचक जीत, करुण नायर के 89 रन काम न आए

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस ने रविवार को रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हरा दिया। 19वें ओवर में मुंबई ने दिल्ली के 3 बैटर्स को लगातार गेंदों पर रनआउट किया और मैच जीत लिया। इस ओवर में आशुतोष शर्मा, कुलदीप यादव और मोहित शर्मा आउट हुए। रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। मुंबई ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। तिलक वर्मा ने फिफ्टी लगाई। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 19 ओवर में 193 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यह दिल्ली की लगातार 4 जीत के बाद पहली हार है। करुण नायर ने 40 गेंद पर 89 रन बनाए। कर्ण शर्मा को 3 विकेट मिले। इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बॉलिंग करने आए कर्ण शर्मा ने 3 विकेट लिए। उन्होंने अभिषेक पोरेल का विकेट लेकर उनकी करुण नायर के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप तोड़ी। कर्ण ने फिर ट्रिस्टन स्टब्स और केएल राहुल के बड़े विकेट भी लिए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए इम्पैक्ट प्लेयर करुण नायर ने सीजन का पहला मैच खेला। उन्होंने ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह के खिलाफ शुरूआती ओवर्स में अटैक किया। उन्होंने 40 गेंद पर 89 रन बनाए। उनके विकेट के बाद दिल्ली कैपिटल्स रन चेज में बिखर गई।



दिल्ली कैपिटल्स को 12 गेंद पर 23 रन चाहिए थे। यहां जसप्रीत बुमराह बॉलिंग करने आए। आशुतोष शर्मा ने बुमराह के खिलाफ शुरूआती 3 गेंदों पर 2 चौके लगा दिए। चौथी गेंद पर आशुतोष दूसरा रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। पांचवीं गेंद पर कुलदीप यादव ने 2 रन लेने की कोशिश की, लेकिन वे भी रन आउट हो गए। आखिरी गेंद पर मोहित शर्मा ने सिंगल लेने की कोशिश की, लेकिन वे मिचेल सैंटनर के डायरेक्ट हिट से रन आउट हो गए। दिल्ली यहीं ऑलआउट हुई और 12 रन से मैच गंवा दिया। लखनऊ के निकोलस पूरन 349 रन बनाकर टूनामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं। चेन्नई के नूर अहमद 12 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर हैं। मुंबई इंडियंस ने दूसरी जीत दर्ज कर पॉइंट्स टेबल में 7वां स्थान हासिल कर लिया। दिल्ली कैपिटल्स दूसरे नंबर पर पहुंच गई।

### जीत के हीरो

**मिचेल सैंटनर :** मिडिल ओवर्स में बॉलिंग करने आए सैंटनर शुरूआती ओवरों में महंगे साबित हुए। हालांकि, उन्होंने आखिर में करुण नायर और विपराज निगम के बड़े विकेट लिए।

**नमन धीर :** नंबर-6 पर बैटिंग करने उतरे नमन ने 17 गेंद पर 38 रन बनाए। उन्होंने तिलक वर्मा के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 205 तक पहुंचाया।

**तिलक वर्मा :** नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे तिलक ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने 33 गेंद पर 59 रन बनाए और टीम को 200 के करीब पहुंचाया।

# एमबाप्पे को छह साल में पहला रेड कार्ड मिला



**बिलबाओ।** किलियम एम्बाप्पे को रेड कार्ड मिलने की वजह से उनके बिना खेल रही रियल मैड्रिड ने अलावेस के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। स्पैनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के इस मैच में रियल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर एम्बाप्पे को 2019 के बाद पहली बार रेड कार्ड का सामना करना पड़ा।

एमबाप्पे को अलावेस के मिडफील्डर एंटोनियो ब्लैंको को गलत ढंग से टैकल करने के कारण मध्यांतर से ठीक पहले बाहर भेज दिया गया। फ्रांस के स्टार को शुरूआत में पीला कार्ड दिखाया गया था लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद रेफरी ने इसे रेड कार्ड में बदल दिया।

यह 2019 के बाद पहला अवसर है, जबकि एमबाप्पे को किसी भी प्रतियोगिता में रेड कार्ड मिला। इस कारण वह कम से कम अगले रविवार को एथलेटिक बिलबाओ में होने वाले स्पेनिश लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। एडुआर्डो कैमाविंगा ने 34वें मिनट में रियल मैड्रिड की तरफ से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

इससे रियल मैड्रिड और शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना के बीच केवल चार अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 और रियल मैड्रिड के इतने ही मैच में 66 अंक हैं।

# ऋतुराज की जगह ले सकते हैं 17 साल के आयुष

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की जगह मुंबई के 17 साल के ओपनर आयुष म्हात्रे को टीम में शामिल किया जा सकता है। हालांकि, सीएसके की ओर से अभी आधिकारिक रूप से इसकी कोई घोषणा नहीं की गई है।

ऋतुराज कोहनी में फ्रैक्चर की वजह से पूरे टूनामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पर कप्तानी महेंद्र सिंह धोनी कर रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने ट्रायल के लिए आयुष को बुलाया था रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई के ओपनर आयुष म्हात्रे को दो हफ्ते पहले नेट पर उनकी बल्लेबाजी को देखने के लिए चेन्नई सुपर किंग्स ने ट्रायल के लिए बुलाया था। उन्हें गायकवाड की चोट के बाद टीम में शामिल करने का फैसला किया जा सकता है।

म्हात्रे ने मुंबई के लिए नौ फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने दो शतक और एक अर्धशतक बनाया है। उन्होंने सात लिस्ट ए मैचों में मुंबई का प्रतिनिधित्व भी किया, जिसमें नागालैंड के खिलाफ उनका उच्चतम स्कोर 181 था। इसके अलावा विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान सौराष्ट्र के खिलाफ उन्होंने 148 रन बनाए थे। म्हात्रे को 2024 में खेले गए अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने 3 मैचों में 55 रन बनाए थे।



# लखनऊ के खिलाफ वापसी करना चाहेगी सीएसके, मार्श की होगी वापसी ?

**नई दिल्ली।** लगातार पांच हार के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे चल रहे महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेगी। धोनी चोटिल ऋतुराज गायकवाड़ की जगह शेष सीजन में टीम की कमान संभाल रहे हैं। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी। सीएसके के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और केकेआर के खिलाफ उसकी बल्लेबाजी क्रम की कलई खुल गई थी। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे दो बेहतरीन बल्लेबाज हैं, लेकिन उनसे पहली गेंद से ही जोरदार बल्लेबाजी की उम्मीद करना उनके खेलने की शैली के खिलाफ है।

गायकवाड़ की जगह तीसरे नंबर पर आने वाले राहुल त्रिपाठी पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। टीम को अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से भी अच्छे प्रदर्शन की दरकार है। शिवम दुबे को पावर-हिटिंग के मोर्चे पर अधिक समर्थन की जरूरत है और ऐसा करने के लिए सबसे बेहतर खुद धोनी हैं।






# अक्षर ने बल्लेबाजों पर फोड़ा हार का ठीकरा

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच दिलचस्प मुकाबला खेला गया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 205 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम का एक वक्त स्कोर 16 ओवर में छह विकेट पर 164 रन था। उन्हें 24 गेंद में 42 रन की जरूरत थी, लेकिन 18वें और 19वें ओवर में कुल मिलाकर चार विकेट ने उन्हें जीत की पटरी से उतार दिया। मैच के बाद दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने अपने बल्लेबाजों पर हार का ठीकरा फोड़ा। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी के दृष्टिकोण से यह मैच जल्द से जल्द भूलना होगा।

वहीं, मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या दूसरी जीत के बाद बेहद खुश दिखे और उन्होंने 37 साल के स्पिनर कर्ण शर्मा की जमकर तारीफ की। कर्ण प्लेयर ऑफ द मैच भी बने।

दरअसल, जब करुण नायर और केएल राहुल क्रीज पर थे, तो लग रहा था कि दिल्ली की टीम आसानी से मैच जीत जाएगी। हालांकि, करुण के आउट होते ही दिल्ली की टीम धराशाई हो गई। केएल राहुल 13 गेंद में 15 रन, विपराज निगम आठ गेंद में 14 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में दिल्ली ने लगातार तीन गेंद पर तीन विकेट गंवाए। आश्चर्य की बात तो यह है कि तीनों खिलाड़ी रन आउट हुए।



## हार्दिक ने 37 वर्षीय इस बॉलर को बताया दमदार



ओवर की चौथी गेंद पर आशुतोष शर्मा, पांचवीं गेंद पर कुलदीप यादव और आखिरी गेंद पर मोहित शर्मा रन आउट हो गए। इससे दिल्ली की पारी 193 रन पर सिमट गई।

हार के बाद अक्षर ने कहा, 'मैच हमारे झोले में था। मध्यक्रम में कुछ खिलाड़ी अच्छी गेंद पर आउट हुए तो कुछ ने खराब शॉट खेलकर विकेट फेंके। आप इसे हर बार निचले क्रम के बल्लेबाजों पर नहीं छोड़ सकते। ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है। यह उन खराब दिनों में से एक है। आधे मैच तक खुश था। गेंद शुरू में रुक रही थी, लेकिन यह बेहतर हो गई और फिर ओस ने हमारी और मदद की। हमारे तीन स्पिनरों में से दो पावरप्ले और डेथ में भी गेंदबाजी कर सकते हैं। कुलदीप अविश्वसनीय रूप से अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। बल्लेबाजी के लिहाज से इस खेल को भूलने की जरूरत है।'

वहीं, मुंबई के कप्तान हार्दिक ने कहा, 'जीतना हमेशा खास होता है, खासकर इस तरह की जीत। वह (करुण नायर) शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और ऐसा लग रहा था कि मैच हाथ से निकल रहा है। कर्ण शर्मा ने गजब का जज्बा दिखाया। उन्होंने मैच में गेंद से बहादुरी दिखाई। गेंद को टॉस करना जब बाउंड्री सिर्फ 60 मीटर लंबी थीं, देखना दमदार था। हमने कभी हार नहीं मानी। हम कहते रहे कि हम मुकाबले में बने रहना चाहते हैं। सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया और हम अपने मौकों को बनाए रखने में सफल रहे।'

बल्लेबाजी क्रम पर हार्दिक ने कहा, 'मैं चाहता था कि वे खिलाड़ी सबसे ज्यादा गेंद खेलें जो फॉर्म में हैं। ओस ने बाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली में ओस थी। बस यह सुनिश्चित करने की जरूरत थी कि खेल खत्म नहीं हुआ है। हम लड़ते रहना चाहते थे और टीम में यही मैसेज था। हमें पता था कि एक-दो विकेट मैच का रुख बदल देंगे। यह मेरे साथ पहले भी हो चुका है। इस तरह की जीत से लय बदल जाती है और सब कुछ बदल जाता है।'

यह मुंबई की इस सीजन की दूसरी जीत रही। टीम छह मैचों में चार हार और दो जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। उसके पास चार अंक हैं और नेट रन रेट +0.104 का है। वहीं, दिल्ली की यह पांच मैचों में पहली हार रही। टीम चार जीत और आठ अंक के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.899 है। दिल्ली का अगला मुकाबला 16 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स से दिल्ली में ही है। वहीं, मुंबई का अगला मुकाबला 17 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद से वानखेड़े में है।

# अफगानी महिला क्रिकेटर्स के लिए आईसीसी की मदद

## भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड आर्थिक सहायता करेंगे



**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (वीसीबी) के साथ मिलकर अफगानिस्तान महिला क्रिकेटरों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

आईसीसी ने रविवार को जिम्बाब्वे में अपनी बोर्ड मीटिंग के दौरान कहा, अफगानी महिला क्रिकेट के लिए तीनों बोर्ड आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। साथ ही 'वर्ल्ड क्लास कोचिंग और सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी।

21 अफगानी विमेंस क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया चले गए 2021 में तालिबान के आने के बाद से ही अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा कॉन्ट्रेक्टेड कुल 21 विमेंस क्रिकेटर ने अपना देश छोड़ दिया था। जिसके बाद इसी साल ऑस्ट्रेलिया में एक क्रिकेट मैच के लिए वे फिर से एकत्रित हुईं, जिससे उन पर सबका ध्यान गया।

अफगानिस्तान में खेलने से प्रतिबंधित यह विमेंस क्रिकेटर कैनबरा और मेलबर्न में आकर क्रिकेट खलेते हैं। फिरोजा अमीरी और नाहिदा सपन अफगानी क्रिकेटर में से एक हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में शरण ली। सपन कानेर्गी क्लब के लिए खेलती हैं, जबकि अमीरी डैनडेनॉन्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### हम चाहते हैं कि ये खिलाड़ी फिर से अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत कर सकें : जय शाह

अच्छी ट्रेनिंग सुविधाएं और मेंटल सपोर्ट दिया जाएगा आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने इस योजना का ऐलान किया। इस योजना में इन खिलाड़ियों को पैसे की मदद, कोचिंग, अच्छी ट्रेनिंग सुविधाएं और मेंटल सपोर्ट दिया जाएगा। इस पहल में भारत , ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड भी साथ दे रहे हैं। जय शाह ने कहा, 'हम चाहते हैं कि ये खिलाड़ी फिर से अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत कर सकें। हम सबको बराबरी का मौका देना चाहते हैं।'



### अफगानी विमेंस क्रिकेटर्स के लिए आईसीसी का विजन

- अफगान महिला क्रिकेटरों के लिए आईसीसी वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए फंड बनाएगा।
- इस पहल में हाई लेवल परफॉरमेंस शामिल होगा जिसमें कोचिंग और विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।
- इन खिलाड़ियों के लिए हाई लेवल कोच का चयन किया जाएगा। जो इनका मार्गदर्शन कर सके।

# हापुड़ में 66 वीर अग्निशमन कर्मियों की शहादत को किया याद

## देशभर में मनाया गया फायर सर्विस डे




**हापुड़ करंट क्राइम।** देशभर में रविवार को फायर सर्विस डे मनाया गया। यह दिन 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया डॉक में हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों की याद में हर साल मनाया जाता है। हापुड़ के सभी अग्निशमन केंद्रों पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। दो मिन का मौन रखकर उनके बलिदान को नमन किया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पिन फ्लैग लगाए गए।

सीएफओ ने बताया हादसे का इतिहास मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने बताया कि आज से 81 साल पहले मुंबई के विक्टोरिया डॉक में खड़े ब्रिटिश मालवाहक जहाज एसएस फोर्ट स्टाईकिन में आग लग गई थी। जहाज में 1,400 टन विस्फोटक, 240 टन टॉरपीडो व हथियार, कपास, लकड़ी, तेल और सोना लदा था। जहाज में आग लगने के बाद दो जबरदस्त विस्फोट हुए। इससे न केवल जहाज पूरी तरह तबाह हो गया, बल्कि आसपास के कई अन्य जहाज भी डूब गए। इस भयंकर हादसे में करीब 800 से 1300 लोगों की जान गई और 80,000 लोग बेघर हो गए थे। इस अग्निकांड में 66 वीर अग्निशमन कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए कई लोगों की जान बचाई और खुद शहीद हो गए। उनके साहस और बलिदान को याद करने के लिए हर साल 14 अप्रैल को फायर सर्विस डे मनाया जाता है। सुरक्षा सप्ताह में होंगे जागरूकता कार्यक्रम सीएफओ मनु शर्मा ने बताया कि 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह भी मनाया जा रहा है। इस दौरान हापुड़ में अग्निशमन वाहन रैली, चित्रकला प्रतियोगिता, मॉक ड्रिल और जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनका उद्देश्य आम जनता को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

# पार्षद रवि भाटी ने शालीमार गार्डन मैन की सर्विस लाइन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पार्षद रवि भाटी ने सोमवार को गौरी शंकर कंपाउंड शालीमार गार्डन मैन की सर्विस लाईन के निर्माण कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया। पार्षद ने बताया इस सर्विस लाईन का निर्माण कार्य 10 लाख रुपए की लागत होगा। जिसमें साइड में नालिया और इंटरलॉकिंग टाइल लगेगी। पार्षद रवि भाटी ने इस निर्माण कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल, अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी एवं क्षेत्र की जनता का धन्यवाद व्यक्त किया।

इस मौके पर गणमान्य व्यक्तियों में अध्यक्ष एस के शर्मा, चेयरमैन रामचरण, अशोक भाटी, जयवीर तोमर, एम डब्लू खान, निहार सिंह, सतीश भगत, प्रवेश, सचिव, रत्नेश, नरेश, मुकेश खंडेलवाल, विष्णु देव शर्मा, जे आर सिंह, आर पी सिंग, मुरारी लाल चौधरी, नवीन सिंह गोपाल मुंजाल, कलवा चौहान, आशीष रंजन, वीर सिंह, गगन, पराग तोमर, सतवीर सिंह, कमल शर्मा, राहुल, टीनू, आरिफ सैफी, हरेंद्र मयंक, गुड्डू, राजेंद्र सोलंकी, सुनील पंवार आदि क्षेत्रवासीगण उपस्थित रहे।

# बैसाखी पर्व पर वरिष्ठ अधिवक्ता सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी का किया सम्मान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजसेवी वरिष्ठ अधिवक्ता सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी जो बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के साथ कई सम्मानित पदों पर रह कर समाज का सम्मान बड़ा चुके हैं। कोई भी धार्मिक व सामाजिक संस्था हो वह निशुल्क विधिक सेवा प्रदान करते हैं और संस्था के मुकदमे में विजय प्रदान करने का कार्य करते हैं। नवीन पार्क गुरुद्वारा साहिब में उनका सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जग्गी ने सभी को खालसा सजना दिवस वैसाखी की बधाई देते हुए सभी को समाज व देश की सेवा के लिए काम करने का आग्रह किया और प्रबंधक कमेटी ने अरदास की बाबा जी मेहर करे।

जग्गी साहब इसी तरह देश व कोम दी सेवा करते रहे इस अवसर पर नवीन पार्क गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष जुझार सिंह, सरदार बलवंत सिंह पूर्व अध्यक्ष, सरदार बलदेव सिंह, सरदार हरमीत सिंह, सुखदीप सिंह, कमलजीत सिंह, ओमकार सिंह, अमनदीप कौर, अजित कौर, राजिंदर कौर, मनप्रीत सिंह आदि समूह साद संगत उपस्थित रहे।




### कमीशन वाले लिफाफों को लेकर मत खुलवाओ हमारी जुबान

किस्सा उस महकमें का है जहां हर ईंट के साथ सीमेंट बाद में आता है, बालू बाद में आता है लेकिन कमीशन पहले चिपक जाता है। महकमें का हाल ये है कि अगर नोट गिनते समय चपरासी भी आ गया तो पांच सौ का एक नोट उसका भी लीगली बनता है। सुना है कि इस विभाग में कुछ समय पहले कमीशन वाले लिफाफे वापस किये गये थे। चतुर सुजान विकास पुरूष जानते हैं कि कई बार साहब पर ईमानदारी का अटैक आ जाता है। लेकिन इससे सिस्टम का कुछ नहीं बिगड़ता। लिहाजा उस रात कुछ विकास पुरूष अपने लिफाफे स्वेच्छा से वहीं छोड़ आये थे। उन्हें पता था आज नहीं तो कल रंग तो असली आना ही है। बात जब ईमानदारी की चली तो बड़ा ठहाका महकमें के विकास पुरूष ने लगाया और कहा कि बस एक लिफाफा साहब वाला कम मान लो बाकी तो ये मानकर चलो कि ये एक ऐसा हमाम है जिसमें सबके सब न्यूड ही हैं। सत्य तो यही है हां मेरा बताने का अंदाज थोड़ा रूड है। साहब की ईमानदारी खराब कर देती हर बार हमारा मूड है।

### महकमा कर दे ये ऐलान, इस सम्प्रदाय वाले इस योजना में ना मांगे मकान

भगवा आंधी आई हुई है और फूल वालों का आलम ये है कि फलों का बहिष्कार करते करते अब वो मकानों तक आ गये हैं। रूल ये है कि कोई अपनी सम्पत्ति का सौदा किसी को भी कर सकता है। मगर फूल वाले चाहते हैं कि नवाज वाले उनके मौहल्ले में मकान ना लें। मकान को लेकर पहले ही घमासान मच रहा है। इसी बीच एक सुझाव ये आया है कि अभी तो हरनंदीपुरम से लेकर कई आवासीय योजनाएं आयेंगी। अब अगर किसी उस संप्रदाय वाले ने फार्म भर दिया और उसका नाम आ गया तो फिर ऐसा ना हो कि बखेड़ा खड़ा ना हो। इसलिए आवासीय योजनाओं में पहले ही ये ऐलान कर दिया जाये कि इस वाली योजना में फलां धर्म के लोग रहेंगे और डिमके सम्प्रदाय के लोग फार्म ही ना भरें। इससे उन्हें भी आसानी रहेगी और इन्हें भी कोई परेशानी नहीं होगी।

### जयंती पर महावत दिखे कहीं और, और हाथी बैठा मिला कहीं और

नीली सियासत का रंग दिन प्रतिदिन फीका हो रहा है। जिस रंग को हाथी वालों का रंग माना जाता है उस रंग से हाथी वाले ही दूर हो रहे हैं। लाला जी को महानगर की कमान दी गई थी मगर चुनाव के बाद उनमें भी वो करंट दिखाई नहीं दे रहा। करंट तो वैसे उन महावतों में भी जीरो वाट का ही चल रहा है जिन्हें पार्टी ने हीरो मानते हुए स्टार प्रचारक बनाया था। पहले 15 जनवरी से केक गायब हुआ और लड्डू आ गये और फिर लड्डू भी गायब हो गये। भाषण से काम चला और हो गया जन्मदिन। लेकिन बाबा साहब की जयंती पर तो हाथी ने कमाल कर दिया। नीला बस्तियों में समाज की हस्ती दिखाई दे रही थी लेकिन कमाल ये था कि नीला हाथी कहीं और बैठा मिला और महावत कहीं और मिले। देखने वाले ने ये सीन देख कर कहा भी कि यही वजह है कि चुनाव में बस्ते पर भीड कहीं और दिखाई देती है और वोट कहीं ओर चले जाते हैं। हाथी हैंगओवर से बाहर नहीं आ रहा है।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई



**मोदीनगर करंट क्राइम।** डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें उन्हें नमन करते हुये उनके बताये मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। पालिकाध्यक्ष विनोद जाटव उर्फ वैशाली व उनके साथ अनेक पालिका सभासदों व राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी के नेतृत्व में बस स्टैंड स्थित डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर रालोद के सभी कार्यकताओं ने माल्यापर्ण किया। तत्पश्चात गांव सिखेड़ा हजारी में डॉ0 अम्बेडकर के जीवन पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, जिला पंचायत सदस्य रवि बाल्मीकि, डॉ0 पूनम गर्ग, सतेंद्र तोमर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रंजीत सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयभगवान जीनवाल, क्षेत्रीय महासचिव अरुण कुमार भुल्लन, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया, महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, प्रोफेशनल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अरुण दहिया, योगेश फफराना, रामभरोसे लाल मौर्य, नरेंद्र कुमार, सतीश राठी, सुरेंद्र कुमार तेवतिया, ललित सैन, अजित सिंह खंजरपुर, दीपक चैधरी, राहुल गुर्जर, कर्ण प्रधान, मूलचंद जाटव, कृष्ण चैंपियन प्रमुख, ब्रह्मपाल सिंह जाटव, हिमांशु जाटव, मुकेश सिद्धार्थ, श्रीचंद गौतम, निहालचंद, वीरेंद्र डागर, अनिता सिंह, सौरभ, दाताराम निमेष, कृष्णपाल, छोटे लाल, अजय कुमार, विक्रांत, ऋषिपाल गौतम, .मनीष किल्हौडा, तुषार बंसल, दीपू शर्मा, आकाश गौतम, प्रेम सिंह यादव, यश गौतम, प्रेम सिंह गौतम, वाई के सेंगर आदि मौजूद रहें, कार्यक्रम का संचालन विनोद गौतम ने किया।




## किस टू-स्टार की वायरल हो गई वीडियो

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो वायरल वीडियो का पुराना तराना है लेकिन इन दिनों नदिया पार के एक टू-स्टार की वीडियो महकमे वाले साहब लोगों के मोबाइल में जमकर देखी जा रही है। वैसे पहले भी समय समय पर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम की वायरल वीडियो ने जमकर धूम मचाई है पर इस बार वाली वीडियो लंबे समय बाद नजर आई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद के सिस्टम में सूत्र बता रहे हैं कि दरोगा जी का अंदाज और रवैया बता रहा है कि वर्कलोड में वह आउट ऑफ कंट्रोल हो चुके हैं। तभी एक महिला के साथ उनकी जो बातचीत की शैली और शब्द सुनाई दे रहे हैं, वह सभ्य समाज के लिए स्वीकार नहीं बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मामला नदिया पार के जिस थाने से जुड़ा है वहीं के प्रभारी तो भाषा व अंदाज दोनों में बेहतर हैं पर उनके अधिनस्तो की भाषा बता रही है कि उनकी वर्किंग शैली कैसी होगी। वहीं जिस तरह से टू-स्टार बोल रहे हैं वह हैरान करने वाला है। बताया जा रहा है कि चौकी वाले इसमें काम नहीं कर रहे थे, पीड़ित ने गुहार और कार्रवाई की मांग की तो टू-स्टार ने अपने ही अंदाज



में बोली ऐसी बोली कि जैसे गोली चल रही हो। सूत्र बता रहे हैं कि टू-स्टार की वीडियो जोन वाले साहब के मोबाइल पर भी पहुंच गई है। वैसे जोन वाले साहब तो नरम मिजाज के हैं, पर जिस सर्किल से जुड़ा मामला है वहां मैडम काम तो सबसे टाइट लेती है, पर मामला कुछ ऐसा नजर आ रहा है कि टू-स्टार पर शायद अभी किसी की कृपा का असर हुआ है। कुल मिलाकर जिस तरीके की यह वीडियो सोशल मीडिया पर आई है और वायरल हो रही है। इससे न सिर्फ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की छवि पर सवालिया निशान लग रहें हैं बल्कि महकमे में आज भी अपशब्द वाली भाषा का प्रचलन कितना अधिक है, यह साफ समझ में आ रहा है। अब पीड़ित द्वारा टू-स्टार का स्टिंग किया गया है या वाकई वह उनके अंदाज और वर्किंग से परेशान थे, यह तो पुलिस के शीर्ष अधिकारी ही जांच के बाद बताएंगे, पर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में टू-स्टार की भाषा वाला यह वीडियो वायरल हो रहा है, उससे पूरे महकमे पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट के सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले की जांच होने के बाद इसमें कार्रवाई वाला एक्शन हो सकता है क्योंकि टू-स्टार का नाम से लेकर चेहरा और बोल से लेकर अंदाज सब कुछ साफ नजर आ रहा है।: वैसे वीडियो वाले इस जमाने में टू-स्टार द्वारा जिस तरीके की बातचीत की जा रही है, शायद उसे अधिकारी भी बर्दाश्त ना करें और कार्रवाई वाला करंट जल्द ही दिया जा सकता है।

# एसआरएम इंस्टि्टयूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** एसआरएम इंस्टि्टयूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में दो दिवसीय राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन, प्रार्थना एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। मुख्य वक्ता डा0 धौम्या भट्ट व संयोजिका रूबरू-2025 ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि गाजियाबाद मेयर सुनीता दयाल ने अपने शिक्षा व संस्कृति के समन्वय की सराहना की और विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिए प्रोत्साहित किया। मंच पर उनके साथ संस्थान के निदेशक डॉ0 एस विश्वनाथन, डॉ0 आरपी महापात्रा, धौम्य भट्ट, डॉ0 नवीन अहलावत आदि मौजूद रहें।

## सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के लिए चलाया विशेष अभियान

**मोदीनगर करंट क्राइम।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए सहायक यातायात निरीक्षक मौ0 अयाज के नेतृत्व में गठित टीम ने विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान बस स्टैंड पर दिन में जब रोडवेज की अनुबंधित बस को रोककर औचक औचक चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाता मिला। टीम ने बताया कि रोडवेज की अनुबंधित बस मेरठ की ओर से गाजियाबाद की ओर जा रही थी, इस बीच जब टीम ने उसकी जांच की तो चालक शराब के नशे में मिला। पकडा गया चालक संदीप निवासी गांव अतलपुर थाना किठौर मेरठ का रहने वाला हैं। यातायात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जप्त कर लिया और इसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की।

# सांसद अतुल गर्ग ने ग्राम अफजलपुर में सामुदायिक केंद्र की नींव रखी



**लोनी, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत लोनी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि एवं विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, सभासदगण व कार्यकर्ताओं के साथ विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने वार्ड नंबर 1 विकास नगर, अफजलपुर बुद्ध विहार, लोनी 2 नंबर बस स्टैंड व अन्य स्थान पर डॉ. आंबेडकर जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अफजलपुर में सांसद अतुल गर्ग, निर्वतमान राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, एवं ग्राम प्रधान नितिन मावी की उपस्थिति में अंबेडकर सामुदायिक केंद्र की आधारशिला भी रखी गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में स्थानीय नागरिक व प्रबुद्धजन उपस्थित रहें। मोदी सरकार ने बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया- नंदकिशोर गुर्जर विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर कहा, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के प्रणेता थे।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

## एक बदमाश पुलिस की जबाबी फायरिंग में घायल



**मोदीनगर करंट क्राइम।** पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को दबोचा व एक गिरफ्तार बदमाश पुलिस की ओर से अपने बचाव में की गई गोली बारी में घायल हो गया। भोजपुर थानान्तर्गत क्षेत्र में पुलिस ने तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। फरीदनगर के कीकड़ के जंगल में हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान इतवारी पुत्र रामनाथ, भारत पुत्र मोती व उर्फ विष्णु पुत्र मैकुलाल के रूप में हुई है। तीनों शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के ईशापुर गांव के रहने वाले हैं। मुठभेड़ के दौरान तीन अन्य बदमाश मौके से फरार हो गए थे। इनमें से दो को बाद में कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पकड़ लिया गया। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो तमंचे 315 बोर, चार जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किए हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने ब ताया कि बदमाशों के खिलाफ लूट के तीन मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस बदमाशों के खिलाफ अग्रीम कार्रवाही कर रही है।

## लोनी देहात मंडल में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**लोनी, करंट क्राइम।** संविधान निर्माता भारत रतन बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर सोमवार को लोनी देहात मंडल में अपने गाँव अफजलपुर में ग्राम प्रधान भाई नितिन मावी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहब की जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, लोनी विधानसभा के विधायक नन्दकिशोर गुर्जर व सभी क्षेत्रवासी, सभी पार्टी के पदाधिकारी गण व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने दी बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि



गाजियाबाद, करंट क्राइम। राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों पंडित अशोक भारतीय, संदीप त्यागी रसम, सौरभ यादव आदि पदाधिकारियों ने विश्व रतन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनके 134वें जन्म दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। देश को संविधान देने के लिए उनको नमन किया और इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने देशवासियों से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के आदर्शो को अपनाकर सदैव देश के कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## पार्षद कुसुम गोयल ने रोड निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



गाजियाबाद, करंट क्राइम। वैशाली सेक्टर स्थित गुरुद्वारे के पास सोमवार को डेन्स द्वारा रोड निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय कुसुम गोयल की पार्षद निधि से यह कार्य करवाया जा रहा है। इस कार्य का शुभारंभ समाजसेवी के एल शर्मा, विमला भट्ट, सरदार जसविंदर सिंह द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। पार्षद द्वारा वरिष्ठ जनों का सम्मान फूलमाला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में विकास कार्य लगातार चल रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षाविद किरण राणा, श्यामसुंदर सिंह, मंगल सिंह, दुष्यंत गौतम, मनीष दुबे, पवित्रा, मिथिलेश, मीरा सेंगर, रेनू नेगी, सुरेश रेशमा सजवान, शालिनी, पिंकी, पार्वती, दीपा, विमला चौधरी, शंभू लीला देवी, रामेश्वर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर मनाई बाबासाहब की जयंती




गाजियाबाद, करंट क्राइम। सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी) ने सोमवार को जगदीश नगर स्थित कार्यालय पर भारत रत्न संविधान रचयिता बाबा साहब बीआर अंबेडकर जी की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर मनोज हौदिया, अनिल सिन्हा, एडवोकेट दिग्विजय सिंह, राजकुमारी यादव, सुषमा, राजेंद्र यादव, एडवोकेट राजीव गौतम, सुनील दत, श्याम वीर सिंह यादव, गोपाल सिंह, हरीश शमी, जगदीश राय गोयल, दीपक वर्मा, विवेक राणा, आबिद, रवि, सुनील दत्त, अनिल गौतम, नसरुद्दीन, सियाराम यादव, प्रेम प्रकाश तिवारी, अनिल सिन्हा, नागेंद्र मोरिया, विनोद अकेला, कमल यादव, संजय श्रीवास्तव, सुनील यादव, रंजीत कुशवाहा, दीपक चित्तौड़िया, डॉ वीरेंद्र, सुरेश रैना, सुरेश राणा, राजेंद्र यादव, दुर्गा श्रीवास्तव आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।













गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लेखराज माहौर एडवोकेट के ऑफिस राज एंड एसोसिएट्स के 20 वर्ष पूर्ण होने पर ऑफिस पर माता की चौकी का आयोजन किया गया एवं ऑफिस का उद्घाटन प्रदेश संयोजक अजय शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक अजय शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, पूर्व मेयर आशु वर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, सुशील अग्रवाल, सुशांत गोयल, कुंजन पंडित, बॉबी त्यागी, अमित त्यागी, रॉबिन तोमर, जितेंद्र त्रिवेदी, रॉबिन सागवान, पवन शर्मा, रोहित शर्मा, ललित कश्यप, चंपा माहौर, विमला रावत, रिचा भदोरिया, पूनम कौशिक, प्रीति चंद्रा, राजेश शर्मा, हेमराज माहौर, धर्मेंद्र चौधरी, अशोक चौधरी, अनुप वर्मा, राम सिंह नेताजी, रामबाबू शर्मा, अजय पाल, हरिशंकर, गौरव सिसोदिया, अविनाश ओझा, संदीप शर्मा, दिनेश बग्गा, नितिन अरोरा, सुरेंद्र सेन, बलराम रावल, गजेंद्र सिंह, गौरव चोपड़ा, मुकुल शर्मा, भागवत गुप्ता, आदित्य शर्मा, बलप्रीत सिंह, मुकेश पोसवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# शेख हसीना ने यूनुस को दी चेतावनी, भतीजी ट्यूलिप ने भी खारिज किए भ्रष्टाचार के आरोप

**ढाका ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो जारी कर अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस को चेतावनी दी। पूर्व पीएम शेख हसीना ने आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अंतरिम सरकार ने सत्ता की प्यास बुझाने के लिए विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर देश के पतन की साजिश रची। उन्होंने युनुस पर बांग्लादेश के इतिहास को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के सभी चिह्न मिटाए जा रहे हैं। स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया जा रहा है। हमने उनकी यादों को जिंदा रखने के लिए सभी जिलों में मेमोरियल बनाए थे, लेकिन उन्हें जला दिया जा रहा है।



क्या डॉ. यूनुस इसे सही मान रहे हैं? अगर युनुस आग से खेलेंगे तो यह आपको भी जला देगी।

उन्होंने कहा कि उस कर्जदार, सत्ता के भूखे, पैसे के भूखे और आत्मकेंद्रित व्यक्ति ने विदेशी साजिश रची और देश को नष्ट करने के लिए विदेशी फंड का इस्तेमाल किया। बीएनपी और जमात ए इस्लामी हत्याएं कर रहे हैं और आवामी लीग को

**शेख हसीना ने अंतरिम सरकार को खुदगर्ज सूदखोर करार दिया। वहीं ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया**

परेशान कर रहे हैं। शेख हसीना ने कहा कि अवामी लीग के नेताओं को उपद्रवियों की मौत के लिए फंसाया जा रहा है। जिन लोगों ने पुलिस स्टेशन जलाए और पुलिसकर्मियों को मार डाला, उन पर आरोप नहीं लगाए जा रहे हैं। अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं। मोहम्मद यूनुस को इसके परिणाम पता थे, लेकिन वे सत्ता के भूखे हैं।

ढाका कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद शेख हसीना की भतीजी और ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीकी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है।

# भगोड़ा मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

## भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद कार्रवाई

**पंजाब।** पंजाब नेशनल बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि 65 साल के मेहुल चोकसी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। वह अभी भी जेल में है। भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद बेल्जियम में यह कार्रवाई की गई है। ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बेल्जियम में संबंधित विभाग और अधिकारियों से मेहुल पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय मुंबई की एक अदालत की ओर से उसके खिलाफ जारी किए गए दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। वारंट 23 मई, 2018 और 15 जून, 2021 की तारीख



के थे। हालांकि, मेहुल चोकसी के खराब स्वास्थ्य और अन्य कारणों की वजह से आशंका जताई जा रही है कि पुलिस उसे ज्यादा देर तक जेल में नहीं रख पाएगी और उसे जमानत मिल सकती है।

**मेहुल चोकसी भांजे नीरव मोदी के साथ भारत में वांछित :** मेहुल चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में करीब 13 हजार करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए वांछित है। वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ एंटवर्प (बेल्जियम) में रह रहा है। उसके पास एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता है। वह इलाज के लिए द्वीप राष्ट्र से बाहर गया था। उनके भतीजे नीरव मोदी भी इसी मामले में सह-आरोपी है।

# सिंगापुर में आम चुनाव की तैयारी तेज, पीएम वोंग की पार्टी पीएपी उतारेगी भारतीय मूल के उम्मीदवार

**सिंगापुर।** सिंगापुर में आम चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने कहा है कि वह चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों को उतारेगी। पीएम वोंग ने भारतीय समुदाय के युवाओं के साथ संवाद में यह एलान किया।

वोंग ने व्यापार, उद्योग और सार्वजनिक सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में भारतीय समूह के योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप एक छोटा समुदाय हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से सिंगापुर में आपका योगदान और प्रभाव बिल्कुल भी छोटा नहीं है। आप पहले से ही सिंगापुर की भावना को दर्शाते हैं।



आपकी कहानी सिंगापुर की कहानी है। यह छोटी है, लेकिन आपके वजन से ऊपर है।

पीएम वोंग ने कहा कि सिंगापुर को कई भारतीय सिविल सेवकों से लाभ हुआ है। जैसे डॉ जनिल जो वरिष्ठ स्वास्थ्य राज्य मंत्री भी हैं। आगामी चुनाव के लिए पीएपी से नए भारतीय उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि यहां भारतीय समुदाय बहुत विविधतापूर्ण है और समुदाय ने एक अलग संस्कृति में विकसित होते हुए भी अपनी परंपराओं को बनाए रखा है।

उन्होंने कहा कि सिंगापुर के भारतीयों के लिए, आपके मूल्य, आपके मानदंड, आपके सोचने का तरीका, भारत में भारतीयों से अलग हैं। यह कुछ ऐसा अनमोल है जिसे हमने यहां बनाया है। यह एक सिंगापुरी रवैया, मानसिकता, जीवन शैली है। उन्होंने कहा कि आप अपनी जातीय जड़ों पर गर्व कर सकते हैं और साथ ही सिंगापुरी होने पर भी गर्व कर सकते हैं। यही सिंगापुरी होने का हमारा मतलब है। इस तरह हम कोशिश कर सकते हैं, भले ही एक छोटे से लाल बिंदु के रूप में हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि हम मजबूत और एकजुट रहें। हम एक दूसरे के साथ सद्भाव बनाए रख सकते हैं।

# इक्वाडोर ने डेनियल नोबोआ को दोबारा राष्ट्रपति चुना

## अपराध के खिलाफ उनकी बेबाक लड़ाई बनी निर्णायक


**इक्वाडोर।** इक्वाडोर ने डेनियल नोबोआ को दोबारा राष्ट्रपति चुन लिया है। रूढ़िवादी करोड़पति का अपराध के खिलाफ जंग छेड़ने का रिकॉर्ड बेमिसाल रहा है। कानून व्यवस्था को लेकर उनके बेबाक फैसले की वजह से इक्वाडोर ने उन्हें सर्वोच्च पद के लिए एक बार फिर से चुना है। कट्टर दक्षिणपंथी राष्ट्रपति डेनियल नोबोआ को करीब 15 उम्मीदवार टक्कर दे रहे थे। 37 साल के अरबपति नोबोआ केले के व्यापारी के हैं। वह करीब 15 महीने पहले ही सत्ता में आए थे। उनका सबसे करीबी मुकाबला वामपंथी सांसद लुइसा गोंजालेज से था। वह पूर्व राष्ट्रपति राफेल कोरेया की 47 वर्षीय शागिर्द हैं।




पहले चरण का मतदान 9 फरवरी को कराया गया था। इस दौरान किसी भी उम्मीदार को 50 फीसदी वोट नहीं मिले थे। वहां के कानून के मुताबिक, अगर किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत वोट न मिलें हैं या उसे निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर 10 अंकों की बढ़त के साथ 40 प्रतिशत वोट न मिल सकें तो दूसरे दौर का मतदान कराना अनिवार्य होता है। इसी वजह से यहां 13 अप्रैल को फिर से मतदान कराया गया। दक्षिण अमेरिकी देश में दो साल से भी कम समय में यह दूसरा राष्ट्रपति चुनाव था। नोबोआ ने मतदाताओं से जबरन वसूली, हत्या, अपहरण और अन्य अपराधों को जड़ से खत्म करने का वादा किया था। अपराध देश के महामारी से उभरने के बाद आम हो गए हैं। यहां के लोग 2021 में हुई हिंसा के बाद से चिंतित हैं। उस हिंसा ने देश को बदलकर रख दिया था और पड़ोसी कोलंबिया और पेरू में बन रही कोकीन की तस्करी से जुड़े अपराध में बढ़ोतरी देखी जाने लगी थी। इक्वाडोरवासियों ने वामपंथी वकील लुइसा गोंजालेज के मुकाबले एक बार फिर नोबोआ पर भरोसा जताया।

# नासा ने अंतरिक्ष से ली धरती की विहंगम तस्वीरें, यूएस-कनाडा-एशिया भी दिखे

**नासा ।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने पृथ्वी की रात के समय ली गई चार विहंगम तस्वीरें रविवार को जारी की। इसमें एक तस्वीर भारत की है जिसमें एक ओर तारों से चमकता आसमान है तो दूसरी ओर बिजली की रोशनी से धरती पर मकड़ी के जाले जैसी खूबसूरत आकृति बनती दिख रही है। अंतरिक्ष से ली गई इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है।





अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के खाते से किए गए पोस्ट में लिखा गया है, जब आप ऊपर तारे, नीचे शहर की रोशनी और पृथ्वी के क्षितिज पर छाई



वायुमंडलीय चमक देखते हैं। पोस्ट में पहली तस्वीर मध्यपश्चिम अमेरिका, दूसरी भारत, तीसरी दक्षिण पूर्व एशिया और चौथी कनाडा की है। अमेरिकी तस्वीर में बादलों से आच्छादित नजारा दिख रहा है जबकि दक्षिणपूर्व एशिया में तटीय व अंदरुनी के रंग दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह कनाडा की तस्वीर में रात का चमकीला दृश्य है।

# टैरिफ विवाद के बीच वियतनाम पहुंचे जिनपिंग

## कहा- व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं होता

**हनोई ।** जवाबी टैरिफ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ा है। दोनों देश एक-दूसरे पर भारी भरकम टैरिफ लगा रहे हैं। इस बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दक्षिण पूर्व एशिया के दौरे की शुरूआत की। वे सोमवार को वियतनाम पहुंचे। यहां शी ने कहा कि व्यापार युद्ध या टैरिफ युद्ध में कोई विजेता नहीं होता है। दोनों देशों को बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, स्थिर वैश्विक औद्योगिक, आपूर्ति श्रृंखलाओं और खुले व सहकारी अंतरराष्ट्रीय वातावरण की दृढ़ता से रक्षा करनी चाहिए।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग वियतनाम पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिका की तरफ से बढ़ते दबाव को देखते हुए चीन ने समर्थन जुटाने के लिए यह कदम उठाया है। हालांकि विशेषज्ञ बताते हैं कि यह यात्रा पहले से प्रस्तावित थी, लेकिन टैरिफ युद्ध ने



इसे अहम बना दिया है। वियतनाम में चीनी राष्ट्रपति वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव टो लैम के साथ-साथ प्रधान मंत्री फाम मिन्ह चीन्ह से मुलाकात करेंगे।

गुयेन ने कहा कि वियतनाम, मलयेशिया और कंबोडिया की यात्रा इसलिए भी है कि चीन वास्तव में ट्रंप के खिलाफ खुद को कैसे बचा सकता है। 2013 में चीन के राष्ट्रपति बनने के बाद से, उन्होंने केवल दो बार वियतनाम का दौरा किया है। यह उनकी तीसरी यात्रा है और दिसंबर 2023 में उनकी पिछली यात्रा के ठीक एक साल बाद हो रही है।

अंतरराराष्ट्रीय संकट समूह में हुआंग ले-थु ने कहा कि यात्रा का समय एक मजबूत राजनीतिक संदेश भेजता है कि दक्षिण पूर्व एशिया चीन के लिए महत्वपूर्ण है। ट्रंप के टैरिफ से दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र भी चिंतित हैं कि अगर टैरिफ लागू किए गए तो उनके विकास को जटिल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि शी की यात्रा यह दिखाने के लिए है कि चीन किस तरह से दबावपूर्ण और स्वार्थी अमेरिका के विपरीत है। इस संकट के समय में चीन किस तरह का नेतृत्व और पहल करने जा रहा है।

### वियतनाम के दोनों देशों से रिश्ते

वियतनाम को अमेरिका और चीन के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने का पुराना अनुभव है। यह चीन की तरह एक कम्युनिस्ट, एक-पक्षीय प्रणाली के तहत चलता है।

# 24 घंटे के अंदर दूसरी बार कांपा म्यांमार, पिछले महीने मची तबाही के बाद से लगातार आ रहे भूकंप के झटके

**नेपीताव ।** म्यांमार 24 घंटे के अंदर दूसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 4. मापी गई। भूकंप सोमवार सुबह 10 बजकर छह मिनट पर जमीन से 103 किमी. की गहराई में आया। इस भूकंप का असर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों में महसूस किया गया। मणिपुर में इसका असर सबसे ज्यादा रहा। इससे पहले रविवार को म्यांमार में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप 10 किमी. गहराई में दर्ज किया गया था, जिससे यह आफ्टरशॉक के लिए अतिसंवेदनशील माना गया।

### मरने वालों की संख्या 3649, 5018 लोग घायल

28 मार्च के भूकंप के बाद आए सैकड़ों झटकों में से इस




भूकंप के कारण किसी बड़े नुकसान या हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रवक्ता मेजर जनरल जॉ मिन टुन के मुताबिक, शुक्रवार तक 28 मार्च के भूकंप में मरने वालों की संख्या 3,649 थी, जबकि 5,018 लोग घायल हुए थे।

**20 किलोमीटर की गहराई में आया भूकंप :** म्यांमार के मौसम विभाग ने बताया कि रविवार का भूकंप मंडालय से 97 किलोमीटर (60 मील) दक्षिण में वुंडविन टाउनशिप के क्षेत्र में 20 किलोमीटर (12 मील) की गहराई में आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने गहराई 7.7 किलोमीटर (4.8 मील) होने का अनुमान लगाया। वुंडविन के लोगों ने बताया कि भूकंप इतना शक्तिशाली था कि लोग इमारतों से बाहर निकल आए। कुछ घरों की छतें क्षतिग्रस्त हो गईं।


### मौजूदा मानवीय संकट और भी बदतर हुआ

संयुक्त राष्ट्र ने पिछले सप्ताह चेतावनी दी थी कि 28 मार्च को आए भूकंप से होने वाली क्षति म्यांमार में मौजूदा मानवीय संकट को और भी बदतर बना देगी। म्यांमार फिलहाल गृहयुद्ध से जूझ रहा है। इस वजह से पहले ही 30 लाख से अधिक लोग यहां से विस्थापित हो चुके हैं। भूकंप ने कृषि उत्पादन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। कई चिकित्सा सुविधाओं के क्षतिग्रस्त या नष्ट होने से म्यांमार में स्वास्थ्य आपातकाल के हालात बन गए हैं।

# अमेरिका जाने का हजारों भारतीयों का सपना धूमिल, ट्रंप प्रशासन ने ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणी में की कटौती

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में आव्रजन नीतियों के चलते पहले से ही अप्रवासी भारतीयों की चिंता पहले से ही बढ़ी हुई है। अब ट्रंप प्रशासन ने हजारों भारतीयों के अमेरिका जाने और ग्रीन कार्ड पाने के सपने को तोड़ दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मई 2025 के लिए जारी किए गए वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी 5 वीजा श्रेणी में कटौती की है। विदेश विभाग ने अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 कर दी है। पहले यह एक नवंबर 2019 थी। अब एक मई 2019 के बाद ईबी 5 वीजा के लिए आवेदन करने वालों को लंबा इंतजार करना होगा।

बुलेटिन में कहा गया है कि ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणियों में भारत द्वारा उच्च मांग और संख्या के उपयोग, शेष विश्व में बढ़ती मांग और संख्या के उपयोग के कारण वित्त वर्ष



2025 की वार्षिक सीमा के अंतर्गत संख्या के उपयोग को अधिकतम सीमा के भीतर रखने के लिए भारत की अंतिम कार्रवाई तिथि को और पीछे करना आवश्यक हो गया है। यदि मांग और उपयोग की संख्या में वृद्धि जारी रही तो शेष विश्व के देशों के लिए अंतिम कार्रवाई की तिथि निर्धारित करना भी आवश्यक हो सकता है।

बुलेटिन में कहा गया कि आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम (आईएनए) की धारा 201 के अनुसार निर्धारित परिवार प्रायोजित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 की सीमा 226,000 है। वार्षिक रोजगार आधारित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए विश्वव्यापी स्तर कम से कम 140,000 है। धारा 202 के तहत वरीयता वाले प्रवासियों के लिए प्रति देश सीमा कुल वार्षिक परिवार प्रायोजित और रोजगार आधारित वरीयता सीमा का 7 प्रतिशत, यानी 25,620 निर्धारित की गई है। आश्रित क्षेत्र की सीमा 2 प्रतिशत या 7,320 निर्धारित की गई है।

वहीं अमेरिकी प्रशासन ने ईबी 1 और ईबी 2 वीजा श्रेणियों में कोई बदलाव नहीं किया है। अमेरिकी विदेश विभाग मई में रोजगार-आधारित स्थिति समायोजन आवेदनों को स्वीकार करेगा, जिसके लिए पात्र होने के लिए विदेशी नागरिकों को अपनी वरीयता श्रेणी और देश के लिए निर्दिष्ट तिथि से पहले की प्राथमिकता तिथि की आवश्यकता होगी।

# भाजपा मनाएगी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशेष सप्ताह

## 'संविधान सम्मान एवं सेवा सप्ताह' अभियान का आज होगा शुभारंभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक विशेष सप्ताह 'संविधान सम्मान एवं सेवा सप्ताह' के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पार्टी द्वारा हर मंडल में बूथ स्तर तक स्वच्छता अभियान, सेवा कार्य एवं अनुसूचित समाज को विशेष सम्मान देने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर गाजियाबाद से दोपहर 2 बजे पहुंचकर करेंगे। वे बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत करेंगे और बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के उत्थान एवं संविधान के सम्मान हेतु कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प में शामिल होंगे।

### बाबा साहेब के सपनों का भारत गढ़ने की दिशा में एक मजबूत कदम : मयंक गोयल



**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जानकारी दी कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आगमन पर उनका विशेष स्वागत किया जाएगा। उन्हें बाबा साहब का चित्र और संविधान की प्रति भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के संयोजक लेखराज माहौर, राजन वाल्मीकि एवं सुमन जाटव होंगे, जो अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब को पंच तीर्थ के माध्यम से जो सर्वोच्च सम्मान दिया है, वह उनकी संविधान और समरसता के प्रति निष्ठा को दर्शाता है। यह अभियान बाबा साहब के सपनों का भारत गढ़ने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिसमें सामाजिक समरसता, स्वच्छता और सेवा को केंद्र में रखा गया है।

## श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डिफेंस कॉलोनी मुरादनगर में बाबा साहेब अंबेडकर की 135वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर गोपाल अग्रवाल, अनिल शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष मुरादनगर भाजपा गीता चौधरी, अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा मुरादनगर कृष्णा शर्मा, पार्षद वार्ड नंबर 8 मुरादनगर मनु शर्मा, महामंत्री महिला मोर्चा मुरादनगर प्रशांत खटीक मौजूद रहे।

## पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने मनाई बाबा साहेब अंबेडकर जयंती



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संविधान पुरुष डॉ. भीमराव राम अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को वार्ड 83 पार्षद कार्यालय पर पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने बाबा साहेब की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। साथ ही उनके बारे में दो शब्द बोल कर सभी को बाबा साहेब से प्रेरणा लेने के लिये प्रेरित किया। पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने बाबा साहेब की जयंती पर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इसके बाद उन्होंने सभी के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड 83 नगर निगम सुपरवाइजर अमित चौहान सहित सभी सफाई नायक और अशोक गुप्ता आटे वाले नरेंद्र चौधरी, मुकेश शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, राजपाल कौशिक, मनोज चौधरी गिरी, राधेश्याम, आई.पी. सिंह, मदन मास्टर, हीरालाल, दीपक गुप्ता, सुनील कुमार, मनोज चौधरी, अनिल जुल्का, दुर्गा अकल, के.डी. शर्मा, राजू आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम गेम फिनिशर अनिल स्वामी की आवाज को बहुत कर रहे मिस? उनकी दमदार आवाज डाल देती थी गाजियाबाद की राजनीति में ट्विस्ट? उनके बेबाक बोल से रहते थे अधिकारी और नेता सावधान? पता नहीं क्यों ऐसे गेम फिनिशर क्यों खामोश हो गए हैं श्रीमान? हम चाहते हैं कि वो फिर से करें राजनीति में कमबैक? हम देखना चाहते हैं पहले की तरह आज भी उनका स्वैग?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारा भी पार्टी के बड़े नेताओं और केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ फोटो खिंचवाने का करता है मन? मगर, हम कार्यकर्ता होने का खामियाजा भुगत रहे हैं? हर बार फेल हो जाते हैं हमारे सब जतन? हम चाहते हैं मित्तल जी और युवा गोयल की तरह पार्टी के बड़े नेता हमको भी लेकर चलें अपने साथ? हम भी पूरी मेहनत से संभालेंगे इनके काज? कहने वाले ने कहा- हम देखते हैं बड़े नेताओं की कृपा से मित्तल जी और गोयल जी के फोटो का हो जाता है मंत्रियों के साथ सेशन? हम भी राजनीति में इनकी तरह पाना चाहते हैं पेशन?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के सिंह साहब रखते थे अपने प्रतिद्वंदी से 36 का आंकड़ा? मेंबर सिंह जनता से करते थे उनके खिलाफ तीखी-तीखी बात? मगर, हम देख रहे हैं छह महीने में ही बदल गए हैं ठाकुर साहब के जज्बात? अब वो बेझिझक उनके साथ कई कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं? अब हमें हो गया है इस बात का ज्ञान? राजनीति में दुश्मन भी कभी भी दोस्त हो सकता है। इस बात को गए हैं हम अब मान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार का युवा चौधरी इन दिनों भगवा योद्धा के साथ एक्टिव होकर लगा रहा है पूरा जोर? मगर, कभी-कभी कुछ गतिविधियां कर देती हैं एक्टिविटी को कमजोर? कहने वाले ने कहा- हम थे एक जगह पर मौजूद? वहां पर बैनर से एक फोटो क्यों विलुप्त हुआ, उनसे पूछे जा रहे थे सवालात? मारने वाले उनका ताना मार रहे थे, एक काम भी आप ठीक से नहीं कर रहे हो जनाब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्षदों के बीच में ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि को लेकर हो रही थी चर्चा आम? कहने वाले कह रहे थे, मैडम ने सौंपा है 25 मेंबर्स को आज होने वाले कार्यक्रम का काम? कहने वाले कुछ मेंबर्स ने कहा- काश कुछ इसी तरह मैडम हमें दे दें निगम वाले भी काम? सच बता रहे हैं हो जाएगा हमारी समस्या का समाधान? हमारी बस यही तमन्ना है, जब हम उनसे ये काम मांगे, तो वो ना दिखे हमसे अंजान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि समाज में जो घट रहे होते हैं सीन? उसी से पता चल जाता है किसी खुलेगी किस्मत और कौन होगा बोल्ड क्लीन? कहने वाले ने कहा- हमने अंबेडकर पार्क में देखा कुछ ऐसा ही नजारा? जब बाबा साहब का माल्यार्पण करने की बात आई, तब भगवा योद्धा ने पूरी शिद्दत से प्रदीप चौहान को पुकारा? कहने वाले ने कहा- जब दे रहे थे गोयल साहब मिस्टर चौहान को ये भाव? तब मिस्टर गौतम बड़ी हैरानी से देख रहे थे ये नजारा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के एक विधायक के साथ नजर आने वाला एक चेहरा हो जाए अलर्ट? सुना है, एक बड़ी शिकायत पर विधायक जी ने इस चेहरे के लिये बिछा दिया है जाल? सुना है इस चेहरे को लेकर की है करने वाले ने विधायक जी से आर्थिक हसरतों की शिकायत? सुबूतों की भी दी है मिसाल? इस शिकायत को विधायक जी ने लिया है काफी गंभीर? इसलिये सावधान हो जाए विधायक जी का ये करीबी चेहरा? कभी भी गिल्ली उखाड़ सकता है तरकश से निकला तीर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बहुत दिनों से एक चेहरे को तलाश रहे थे यार? ये चेहरा भाजपा नेता राजेश गुप्ता का है, जो कुछ समय पहले कर रहे थे टिकट पाने के लिये धुंआधार प्रचार? अपने होर्डिंग से इन्होंने पूरा क्षेत्र दिया था पाट? हर जगह हो रही थी इनकी बात? हमने देखा, फेसबुक पर फिर से इनका अवतार? ये आधार कार्ड का कैंप लगाकर जनता की सेवा कर रहे थे यार? इस बार ये डायरेक्ट टिकट नहीं मांगेंगे? अपनी जनसेवा के माध्यम से ये मंजिल को करेंगे पार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा की टीम में अब हम चौथे महान मंत्री के भी रिपीट होने के कम ही लग रहे हैं आसार? सुना है ये महान मंत्री आजकल भगवा कमांडर के साथ साझा कर रहे हैं विचार? वैसे भी अब ये भगवा योद्धा के साथ ज्यादा नहीं आ रहे हैं नजर? लगता है बाकी तीनों की तरह इन्होंने कमेटी में आने की त्याग दी है फ़िक्र? कहने वाले ने कहा- वैसे भी ये महान मंत्री काफी टेलेंट हैं? अब इनके नाम का वेस्टर्न से लेकर स्टेट तक होना चाहिए जिक्र?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हॉल की कैपिसिटी है एक हजार? दिलवाने वाले ने दिलवाया है छह हजार की संख्या का व्रत? कहने वाले ने कहा- लगता है इस बार हॉल पूरा खचाखच भर जाएगा और भीड़ का आलम सड़क तक नजर आएगा? कहने वाले ने कहा- जो भीड़ जुटा दे उसी का मजबूत माना जाता है किरदार? हमें अच्छा लग रहा है एक ऐसे नेता ने हमारे बीच में ले लिया है अवतार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने धूमधाम से मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने झंडापुर, महाराजपुर में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अंबेडकर को याद किया। वार्ड में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर अंबेडकर को याद किया गया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने द्वारा रैली निकाली क्षेत्रीय लोगों के साथ और साथ ही अंबेडकर पार्क महाराजपुर एवं अंबेडकर पार्क झंडापुर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर डॉ भीमराव अंबेडकर के बताए हुए रास्ते पर चलने का आवाहन किया। लोगों से अपील की कि देश संविधान और कानून से चलता है इसलिए सभी लोगों को कानून का सम्मान करना चाहिए। जिससे देश की सुरक्षा और संप्रभुता बनी रहे देश में भाईचारा और एकता कायम रहे। इस अवसर पर मोहनलाल गौड़, सुरेंद्र भिंडवाल अध्यक्ष अंबेडकर समिति झंडापुर, तिलकराम दुलीचंद, रमेश चंद्र भारती, सुशील सिंह, ताराचंद, राजपाल गौतम, बलवीर सिंह, बैगराज, अजीत सिंह चौधरी, महेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## मध्यम वर्ग और गरीबों की पहुंच से दूर होतीं सार्वजनिक सुविधाएं : अशिता त्यागी

### सामुदायिक केंद्रों की बुकिंग दरें 1100 से बढ़ाकर 11000 रुपये की गईं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सामुदायिक केंद्रों की बुकिंग दरें सीधे 1100 रुपये से बढ़ाकर 11000 रुपये कर दी गई हैं, वह भी उनके रखरखाव और विकास के नाम पर नगर निगम द्वारा। क्या उन्होंने उन क्षेत्रों पर भी विचार किया है जहाँ लोगों की कुल मासिक आय 10000-15000 रुपये है? ये सामुदायिक केंद्र मुख्य रूप से समाज के कमजोर वर्ग द्वारा उपयोग में लाए जाते हैं और उनकी आर्थिक स्थिति को ध्यान में न रखते हुए, इस तरह की बढ़ोत्तरी उस वर्ग से एक और सुविधा छीन लेने जैसा है। एक ऐसी अर्थव्यवस्था में जहां दो वक्त का खाना भी उनके लिए संघर्ष है, यह कदम उनसे वह भी छीन रहा है। उत्तर प्रदेश (नगर



निगम) अधिनियम की धारा 139 (4) के अनुसार भी, विकास निधि का 25% भाग गरीबों और स्लम क्षेत्रों के निवासियों की सेवाओं के अलावा किसी और चीज पर खर्च नहीं किया जाना चाहिए। भारत के संविधान के

### पार्षदों को मुंह बंद रखने के बजाय जनता के लिए बोलना चाहिए

**करंट क्राइम।** नगर निगम सरकार की वह इकाई है जिसकी कार्यवाही का असर आम नागरिकों पर सबसे अधिक होता है। उनके रोजमर्रा के जीवन में परिवर्तन इन्हीं निर्णयों से आता है। हमारे पार्षदों को अपने मुंह बंद रखने के बजाय बोलना चाहिए, उस काम के लिए जिसके लिए उन्हें जनता द्वारा चुना और नगर निगम में भेजा गया है।

अनुच्छेद 243डब्ल्यू और 12वीं अनुसूची में भी नगर निगम को शहरी गरीबों की स्थिति सुधारने और स्लम क्षेत्रों के पर्यावरण व जीवन स्तर में सुधार लाने की जिम्मेदारी दी गई है। हमारे नगर निगम ने इसके लिए कौन-कौन से कदम उठाए हैं, टैक्स और फीस बढ़ाने के अलावा?

क्या सार्वजनिक सुविधाएँ अब सिर्फ पैसे वालों की संपत्ति बन जाएंगी? गरीबों को क्या सिर्फ टैक्स देने के लिए छोड़ा गया है। नगर निगम जनता की सेवा के लिए है, न कि आम लोगों को और ज्यादा हाशिए पर धकेलने के लिए। नगर निगम यह बताए कि पिछले वर्षों में वसूले गए टैक्स और विकास फंड का उपयोग कहाँ हुआ? कितने प्रतिशत उपयोग स्लम एरिया पर किया गया है? क्या उसका असर जमीन पर दिखता है?

## मुरादनगर मंडल में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** मुरादनगर मंडल में सोमवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में अंबेडकर पार्क मुरादनगर पर एक आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धांजलि अर्पित कर डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों व समाज सुधार के कार्यों, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महेश



अग्रवाल पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष श्री अरविंद भारती जी, मुरादनगर मंडल के अध्यक्ष श्री राहुल गोयल जी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री ईश्वर निम्मी, महिला मोर्चे के अध्यक्ष श्रीमती गीता चौधरी जी, कार्यक्रम संयोजक श्री लोकेश जाटव जी, सह संयोजक राजकुमार गौतम जी वह पदाधिकारी गण में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

## अग्निशमनकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि

### 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 14 अप्रैल को देशभर में मुंबई के एक बंदरगाह पर भीषण अग्नि हादसे में 66 अग्नि शमन कर्मियों की दुखद मौत होने पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। इसी क्रम में वैशाली फायर स्टेशन पर अमन शर्मा उपनिदेशक फायर सर्विस मेरठ परिक्षेत्र की उपस्थिति में दो मिनट का मौन रखते हुए शोक परेड आयोजित की गई। तो वहीं 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस भी मनाया गया। इसके साथ ही पूरे एक सप्ताह के लिए 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत भी की गई है। इस मौके पर कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर अग्निशमन केंद्रों के वाहनों को रैली व प्रचार प्रचार वाहनों को जन जागरूकता अभियान के लिए रवाना किया। साथ ही छह दिनों तक विशेष एहतियात और आग से बचाव के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की जन जागरूकता रैली



### अधिकारियों को दी गई सलामी लगाए गए झंडे

**करंट क्राइम :** अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने जहां मौन रखते हुए शोक परेड कर सलामी दी। तो वहीं इस अवसर पर झंडा भी लगाए गए। इस मौके पर वैशाली फायर स्टेशन मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, शेषनाथ यादव एवं अधिकारी कोतवाली, मूलचंद सिंह अधिकारी द्वितीय वैशाली, गौरव कुमार अग्निशमन अधिकारी द्वितीय लोनी, अमित कुमार अग्निशमन अधिकारी मोदीनगर सहित अन्य अग्निशमन अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक सप्ताह तक चलेगा सार्वजनिक स्थानों पर आग से बचाव और बुझाने में मदद का अभियान

**करंट क्राइम :** मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूल-कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों, मॉल-मल्टीप्लेक्स, बहु मंजिला इमारतों के साथ ही औद्योगिक संस्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। साथ ही रैली कर लोगों को ऐसे कंप्लेट वितरित करेंगे, जिसे लोग पढ़कर आग से बचाव और आग लगने के समय में क्या सावधानी बरतनी उसका पालन कर सकें।

## डेढ़ महीने बाद खुला लूट और हत्या का मामला तीन आरोपी गिरफ्तार

### मुठभेड़ के बाद क्राइम ब्रांच और देहात पुलिस ने पकड़े आरोपी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और भोजपुर पुलिस ने बीते 26 मार्च को लूटपाट और हत्या के प्रयास के मामले का खुलासा करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी दबोचा हैं जिनके कब्जे से पुलिस ने तमंचे, जिंदा कारतूस, खोखे और घटना बेचकर कमाई गई नकदी बरामद की है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर लूट और हत्या के प्रयास के मामले की जानकारी देते हुए घटना के अनावरण पर जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि सभी पकड़े गए बदमाशों पर पूर्व में भी मुकदमों की पुलिस को जानकारी मिली है।

### शाहजहांपुर के मूल निवासी हैं तीनों बदमाश

**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच और देहात पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए बदमाश इतवारी, भारत और पदम उर्फ विष्णु तीनों ही मूलरूप से उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के रहने वाले हैं। इसमें पुलिस ने इतवारी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है जबकि उसके दो साथी भारत और पदम उर्फ विष्णु को पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस, एक खोखा और नगदी बरामद की है।

### तीन आरोपियों पर दर्ज हैं 19 मुकदमे

**करंट क्राइम :** पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है वह बेहद शातिर हैं। उनका पूर्व का भी अपराधिक रिकॉर्ड है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इतवारी के विरुद्ध कन्नौज में चार और गाजियाबाद में चार कुल मिलाकर आठ मुकदमे हैं। तो भारत के खिलाफ कानपुर में दो, महोबा में एक और गाजियाबाद में चार कुल सात मामले दर्ज हैं। तो वही अभियुक्त पदम उर्फ विष्णु के खिलाफ गाजियाबाद में चार मामलों की जानकारी पुलिस को अब तक की जांच के बाद मिली है।


## तीन घंटे के विशेष अभियान में शराब पीने वाले 433 लोग गिरफ्तार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चले इस तीन घंटे के अभियान में 433 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका



मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में कुल 171 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 52, विजयनगर से 36, सिहानी गेट से 24, नंदग्राम से 21, कवि नगर से 17 और मधुबन बापूधाम से 21 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 117 लोगों पर कार्रवाई हुई। इनमें लोनी से 21, ट्रॉनिका सिटी से 7, अंकुर विहार से 6, लोनी बॉर्डर से 15, मसूरी से 15, मुरादनगर से 22, मोदीनगर से 2, निवाड़ी से 1, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 6 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 11 लोग शामिल हैं।

### सड़क हादसा : यूटर्न के पास खड़ी बाइक पर बैठी 4 साल की बच्ची को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मुरादनगर में एक दर्दनाक हादसा हुआ। यूटर्न के पास खड़ी बाइक पर बैठी 4 साल की बच्ची की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। दिल्ली के करावलनगर की प्रेम विहार कॉलोनी निवासी पुष्पेंद्र कुमार अपनी पत्नी अनिता और बेटी हिमांशी के साथ मुरादनगर स्थित गंगनहर में स्नान करने जा रहे थे। गंगनहर पुल के पास यूटर्न पर उन्होंने बाइक खड़ी कर अपनी बेटी को बैठा दिया। पुष्पेंद्र कुमार थोड़ी दूर गए थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने यूटर्न लेते समय बाइक को टक्कर मार दी। बच्ची उछलकर ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गई। इस हादसे में उसका सिर बुरी तरह कुचल गया। घायल बच्ची को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे गाजियाबाद रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक बच्ची के दादा शिवचरण ने मुरादनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दीपक प्रधान ने अपनी सफल सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के 25 वर्ष पूरे किए मैरिज एनिवर्सरी की सिल्वर जुबली पर उन्होंने पुरा महादेव मंदिर में जाकर परिवार सहित पूजा अर्चना की परिवार संस्कार आस्था और श्रद्धा का संदेश देते हुए उन्होंने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। दीपक प्रधान की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।